वर्ष-10, अंक-207
इन्दौर, बुधवार
23 अक्टूबर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**
चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य




इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## चिकित्सा क्षेत्र में विश्व स्तरीय सेवाओं की ओर मध्यप्रदेश अग्रसर : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने इरकैड के इंदौर केंद्र के शुभारंभ समारोह को किया वर्चुअली संबोधित

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस कहा है कि मध्यप्रदेश चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए हैं।




वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 20 हजार 439 करोड़ रुपए का प्रावधन किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं की कार्य दक्षता बढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय किया गया है। प्रदेश में अभी 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। अगले सत्र से सिंगरौली और श्योपुर में शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होंगे। इसके अलावा अगले दो वर्ष में 6 अन्य नए शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित होने लगेंगे। चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फ्रांस की संस्था इरकैड के इंदौर में केंद्र प्रारंभ होने पर कार्यक्रम को वीडियो कॉफ्रेंसिंग से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अरविंदो विश्वविद्यालय इंदौर के डॉ. विनोद भण्डारी को इस केंद्र की शुरूआत के लिए बधाई दी और केंद्र की सफलता की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में एमबीबीएस एवं पीजी मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे प्रदेश में योग्य चिकित्सकों की कमी न रहे। राज्य सरकार ने विश्व स्तरीय चिकित्सा अधोसंरचना विकसित करने के प्रयास किए हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज परिसरों में नए नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में चार नए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल प्रारंभ किए गए हैं। इसके अलावा ग्वालियर में एक हजार बिस्तर क्षमता का अस्पताल भी प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीपीपी माडल पर टेलिमेडिसिन सेवा से 1200 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोड़े गए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में 45 तरह की स्वास्थ्य जांचें हो रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि इंदौर देश का फार्मा हब बन कर उभरा है। उज्जैन में सबसे बड़ा मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से गंभीर रोगियों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयर लिफ्ट कर उपचार के लिए भिजवाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में हृदय की सर्जरी, कैंसर के उपचार और अंग प्रत्यारोपण के कार्य किफायती दरों पर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मेडिकल टूरिज्म क्षेत्र में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भागीदारी के लिए डॉ. भंडारी ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि दूरबीन से सर्जरी का ज्ञान देने और मेडिकल रिसर्च की दृष्टि से फ्रांस की संस्था इरकैड के सहयोग से की गई शुरूआत प्रदेश में अपने तरह की विशिष्ट पहल है। यह केंद्र जनोपयोगी बने इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## कांग्रेस की 21 उम्मीदवारों वाली लिस्ट में कितने मुसलमान

**रांची (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में अधिकतर मौजूदा विधायकों को फिर से मौका दिया है. हालांकि पार्टी अभी धनबाद, बोकारो और पाकुड़ विधानसभा सीट पर नाम तय नहीं कर पाई है.

इन पर पेच फंसा हुआ है. झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेसने 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट सोमवार (21 अक्टूबर) देर रात जारी कर दी. इस लिस्ट में कई मौजूदा विधायकों के भी नाम शामिल हैं. पार्टी ने मौजूदा झारखंड सरकार में मंत्री रहे डॉ. रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, बन्ना गुप्ता और दीपिका पांडे सिंह सहित अन्य विधायकों को फिर से मौका दिया है. इस लिस्ट में डॉ. अजय राय का भी नाम शामिल है, जिन्हें पार्टी ने जमशेदपुर पूर्वी सीट से मौका दिया है.



### इन सीटों पर अब भी फंसा है पेंच

बेशक कांग्रेस ने एक बार में ही 21 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर हर किसी को हैरान किया हो, लेकिन अब भी कुछ सीटें ऐसी हैं जहां पेंच फंसा हुआ है और प्रत्याशियों के नाम पर सहमति नहीं बन सकी है. इन सीटों में धनबाद, बोकारो और पाकुड़ प्रमुख रूप से शामिल हैं.

### 21 में सिर्फ 1 मुस्लिम उम्मीदवार

21 उम्मीदवारों की इस लिस्ट में सबसे ज्यादा चर्चा जिन नामों की हो रही है उसमें इरफान अंसारी भी शामिल हैं. दरअसल, वह इस लिस्ट में इकलौते मुस्लिम उम्मीदवार हैं. वह मौजूदा सरकार में मंत्री भी हैं. पार्टी आलाकमान ने उन्हें एक बार फिर जामताड़ा से अपना प्रत्याशी बनाया है.

### कांग्रेस और JMM 70 सीटों पर लड़ेगी

इस बार के चुनाव में काफी खींचतान के बाद इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर सहमति बनी है. कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी बची हुई सीट पर आरजेडी और अन्य सहयोगी दल मैदान में होंगे. झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में जेएमएम ने 43 सीटों पर और कांग्रेस ने 31 सीटों पर चुनाव लड़ा था. इसमें से JMM ने 30 सीटें तो कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थीं. सात सीटों पर लड़ी ।

## बुलंदशहर में ब्लास्ट, छह की मौत

**बुलंदशहर (एजेंसी)।** यहां एक दो मंजिला भवन में सिलेंडर फटने से बड़ा धमाका हुआ है। इस हादसे में एक बच्ची सहित 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। धमाके का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैसे ही धमाका हुआ तो मकान की छत उड़ गई,कई लोग मलबे में दब गए। राहत और बचाव कार्य में टीम जुट गई। बता दें कि जिस भवन में धमाका हुआ है उसमें 28 लोग रहते थे। गुलावठी रोड स्थित आशापुरी कॉलोनी में राजुद्दीन रहते हैं। राजुद्दीन लिंटर में लगने वाली शटरिंग का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि राजुद्दीन की पत्नी रुखसाना की तबियत खराब चल रही थी, जिसके चलते वह निजी अस्पताल में भर्ती थी।



### आवाज से सहम गए पड़ोसी

सोमवार रात करीब आठ बजे जब आशापुरी कॉलोनी स्थित मकान में विस्फोट हुआ तो पड़ोसियों के साथ कॉलोनी के लोग सहम उठे। स्थिति यह हुई कि धमाके की आवाज के बाद एकाएक लोग घरों से बाहर निकले और मौके की ओर दौड़े। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई और लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। लिंटर का मलबा भारी होने के कारण लोगों के प्रयास के बाद भी अपेक्षित सफलता नहीं मिली। कॉलोनी निवासी राशिद ने बताया कि विस्फोट की आवाज ऐसी लगी मानो किसी ने बम गिरा दिया हो। काफी दूर तक मकानों ऐसा महसूस हुआ, जैसे भूकंप आया है।

दुश्मनों के होश उड़ाने के लिए

## भारत ने लॉन्च की परमाणु मिसाइल पनडुब्बी

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारत ने अपने दुश्मनों को दूर रखने के लिए समुद्र में अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया है।



इस सप्ताह विशाखापत्तनम शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में देश की चौथी परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी लॉन्च की गई है। भारत की दूसरी एसएसबीएन आईएनएस अरिघाट को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 29 अगस्त, 2024 को कमीशन किया था, जबकि तीसरी एसएसबीएन आईएनएस अरिधमान को अगले साल कमीशन किया जाएगा। इससे पहले 9 अक्टूबर को सुरक्षा कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में किसी भी दुश्मन को दूर रखने के लिए दो परमाणु ऊर्जा संचालित मारक क्षमता वाले पनडुब्बियों के निर्माण की मंजूरी दी थी। यह भारतीय नौसेना की योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। चौथे एसएसबीएन का कोड नाम एस 4 है और इसे 16 अक्टूबर को लॉन्च किया गया है। इसके एक दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के विकाराबाद जिले के दामागुंडम इलाके में भारतीय नौसेना की रणनीतिक एसेट्स की कमान, नियंत्रण और संचार के लिए लो फ्रीक्वेंसी नेवल स्टेशन का उद्घाटन किया था। सरकार ने भारतीय नौसेना के लिए तीसरे विमानवाहक पोत की तुलना में परमाणु हमला और बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को प्राथमिकता दी है। सरकार ने इस साल दिसंबर में शुरू होने वाली छठी डीजल अटैक कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर के साथ पारंपरिक पनडुब्बी निरोध की दिशा में भी काम किया है।

## 25 करोड़ 21 लाख की अवैध फीस वसूली और विदेश में किए ऐश

**जबलपुर (एजेंसी)।** निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि और अनियमितताओं के खिलाफ प्रशासन-पुलिस ने एक बार फिर सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। विजय नगर स्थित जाय सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध विजय नगर थाने में एफआइआर दर्ज की है। थाना विजयनगर से आरोपी विक्टोरिया के लिए रवाना किया गया। एफआइआर दर्ज करने के साथ ही जाय एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष अखिलेश मेबिन और सचिव अनुराग श्रीवास्तव गिरफ्तार कर लिया गया है। स्कूल प्रबंधन ने प्रशासन को आय-व्यय की जो जानकारी दी थी, उसमें भी हेरफेर सामने आई। स्कूल विभाग द्वारा की गई जांच में कई चौकाने वाले तथ्या सामने आए। स्कूल ने करीब 15 हजार 600 बच्चों से 25 करोड़ 21 लाख रुपये की अवैध फीस वसूली की। इतना ही नहीं प्रशासन और शिक्षा विभाग से स्वीकृति लिए बिना ही 10 फीसदी से ज्यादा फीस वसूली। स्कूल के अध्यक्ष से 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई को स्कूल आय की बजाए अन्य स्त्रोत से आय दिखाकर धोखाधड़ी की।

## बम बनाते समय हुआ ब्लास्ट, दो की मौत

### जबलपुर की आयुध निर्माणी खमरिया में बड़ा हादसा, पूरी बिल्डिंग ध्वस्त

**जबलपुर (एजेंसी)।** जबलपुर में बम फिलिंग के दौरान आर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया में मंगलवार को सुबह एक तेज धमाका हुआ इस दौरान पास खड़े एलेक्जेंडर टोप्पो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा कर्मचारी रणवीर सिंह की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हुई है। इस बम धमाके में 6 से ज्यादा कर्मचारी घायल बताए जाते हैं जिन्हें निजी अस्पताल रेफर किया गया है बम ब्लास्ट की सूचना के ठीक बाद क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी और निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक एमएन हालदार मौके पर पहुंचे और घायलों को देखने अस्पताल गए।



### कई कर्मचारियों के दबे होने की आशंका

चिकित्सकों ने बताया कि महाकौशल हॉस्पिटल रेफर किया गया है। श्यामलाल की हालत गंभीर है, जिन्हें कम चोट लगी है उनका भी उपचार किया जा रहा है। वहीं मलबे में कई कर्मचारियों के दबे होने की आशंका। राहत बचाव कार्य जारी है।

मिल गया खजाना!

## हिजबुल्लाह ने बंकर में छिपाया था सोना और लाखों डॉलर



**नई दिल्ली।** कई मोर्चों पर जंग लड़ रहे इजरायल को हिजबुल्ला के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। इजरायली सेना (IDF) के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने दावा किया है हिजबुल्ला का करोड़ों डॉलर का खजाना बरामद हुआ है। हागरी ने बताया कि जिस बंकर में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को मार गिराया गया था, वहां करोड़ों डॉलर्स और सोना मिला है। इजरायली सेना ने दावा किया है कि लेबनान के शहर बेरूत में एक अस्पताल के नीचे हिजबुल्ला का बंकर है।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक के यहां ईडी का छापा

**पानीपत (एजेंसी)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद शुक्रवार शाम को एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) की टीम ने समालखा से पूर्व विधायक और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी धर्म सिंह छौक्कर के आवास पर रेड की।



4 गाड़ियों में ED की टीम छौक्कर के घर पहुंच है। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने विधानसभा चुनाव से 2 दिन पहले मनी लॉन्ड्रिंग केस में धर्म सिंह छौक्कर की गिरफ्तार के आदेश दिए थे। कोर्ट ने वार्निंग दी थी कि या तो धर्म सिंह खुद सरेंडर कर दे, नहीं तो पुलिस गिरफ्तार करेगी। इसके बाद धर्म सिंह ने न तो सरेंडर किया और न ही उनकी गिरफ्तारी हुई। अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि ED की रेड धर्म सिंह की गिरफ्तारी को लेकर हुई है या जांच से संबंधित है। हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन के मुताबिक धर्म सिंह छौक्कर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर हाईकोर्ट ने चिंता जताई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रत्याशी प्रचार कर रहे हैं, फिर भी उनको गिरफ्तार नहीं किया जा रहा। हाईकोर्ट ने इस मामले में सरकार, ED और छौक्कर को नोटिस जारी किया था। वारंट जारी होने पर भी छौक्कर ने नामांकन भरा है और खुलेआम चुनाव प्रचार कर रहे हैं। यह सुनकर हाईकोर्ट ने कहा कि हैरत की बात है कि जिसे पुलिस और ED ढूंढ रही है।

## एयर इंडिया सहित 30 फ्लाइट्स को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामले में सोमवार रात को एयर इंडिया सहित 30 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। समाचार एजेंसी पीटीआई के सूत्रों के मुताबिक, भारतीय एयरलाइन्स द्वारा संचालित 30 घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मामले से जुड़े सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि बम से उड़ाने की धमकी पाने वालों में इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की उड़ानें शामिल हैं।

## गांधीनगर में नकली जज पकड़ा गया

### विवादित मामलों में फैसले देकर 100 एकड़ जमीन भी हड़पी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद में एक वकील ने फर्जी जज बनकर विवादित जमीन पर फैसला सुना दिया. आरोपी वकील मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन ने खुद को जज घोषित कर बाकायदा कोर्ट की कार्यवाही चलाई और सरकारी जमीन पर फर्जी आदेश जारी कर दिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहराई से जांच कर रही है. दरअसल, गुजरात में पिछले साल से कई फर्जीवाड़ों के बीच एक फर्जी कोर्ट पकड़ा गया था. इसके बाद रजिस्ट्रार हार्दिक देसाई ने आरोपी मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन के खिलाफ अहमदाबाद के कारंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले की गहराई से जांच की तो पता चला कि मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन ने साल 2019 में विवादित जमीन के संबंध में फर्जी मध्यस्थता का आदेश दिया था. इस घटना के सामने आने के बाद हर कोई हैरान है. आरोपी ने मॉरिस सैमुअल क्रिश्चियन ने राखी वासणा इलाके में फर्जी कोर्ट लगाई थी, जहां उसने वकील, क्लर्क और अन्य अदालती कर्मचारियों की भूमिका भी निभाई.




# संपादकीय

## फर्जी धमकियां एक गंभीर समस्या

*बचपन में एक झूठे गड़रिये की कहानी शेर आया शेर आया शीर्षक से स्कूल में सुनी और पढ़ी थी। इस कहानी के केंद्र में झूठा गड़रिया था जो गांव वालों का ध्यान आकर्षित करने के लिए शेर आने की झूठी अफवाहें फैलाता था, लेकिन जब वाकई शेर आ गया तो उसकी बात पर किसी को यकीन नहीं हुआ और इस तरह उस झूठे गड़रिये की कहानी का अंत हो गया। यह शिक्षाप्रद कहानी झूठ नहीं बोलने या अफवाह फैलाने से बचने के लिए सबक देती है। इस कहानी की याद इस वक्त इसलिए आ गई कि देश में बम की फर्जी धमकियों के मामलों ने एक रिकॉर्ड बना लिया है। स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, रेल और सरकारी दफ्तरों में बम होने की झूठी अफवाहें फैलाने वाले अब एयरलाइंस को अपने निशाने में ले रखे हैं। इस साल विभिन्न भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइट्स को अभी तक करीब 400 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां कह रही हैं कि इससे पहले तक तो इस तरह के धमकी भरे कॉल इतनी तादाद में कभी नहीं मिले। यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड बनाने जैसा हो गया है। पर इससे क्या, क्योंकि एक बम की फर्जी धमकी भी बहुत ज्यादा नुकसान करने वाली साबित होती है। बम की एक फर्जी धमकी से जहां एयरलाइंस को करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं यात्रियों को होने वाली परेशानियों का तो आंकलन भी नहीं किया जा सकता है। इस लिहाज से बम की फर्जी कॉल्स एक बेहद गंभीर और खतरनाक समस्या बन गई है। यह न केवल सुरक्षा बलों और प्रशासन के लिए चुनौती उत्पन्न कर रही है, बल्कि व्यापारिक व सामाजिक सामान्य कामकाज को भी बाधित कर रही है। इस प्रकार के धमकीभरे कॉल व संदेश के कारण कई बार सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, ऑफिसों, और यहां तक कि ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों समेत हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है। ऐसी स्थितियाँ ना केवल जान-माल के नुकसान की संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि अनावश्यक तनाव और भय का माहौल भी पैदा करती हैं। सामान्य सी बात है कि जब कहीं बम होने की फर्जी सूचना होती है, तो पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आती हैं। बम स्क्वॉड और सुरक्षा दल उस स्थान को खाली करवाते हैं और गहन जांच शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया में समय, संसाधन और मानवशक्ति की भारी बर्बादी होती है। वास्तविक आपात स्थितियों के लिए तैनात किए जाने वाले बलों का भी एक तरह से दुरुपयोग होता है। ऐसे में अन्य महत्वपूर्ण स्थालों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है। सबसे बड़ी और अहम बात यह है कि ऐसी घटनाओं से समाज में सुरक्षा को लेकर अविश्वास और अनिश्चितता की भावना को बढ़ावा मिलता हैं। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में तो इस तरह के फर्जी कॉल का प्रभाव विशेष रूप से गंभीर देखने को मिलते हैं। पढ़ाई रोक कर बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाना, माता-पिता व अन्य परिजनों का तनावग्रस्त हो जाना। यह सब भी असुरक्षा की भावना भरने जैसी बात होती है। ऐसे हालात से गुजरने वाले मानसिक तनाव का शिकार होते हैं, जिनकी मनःस्थिति भी विकट हो जाती है। इसलिए इस तरह की धमकियों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। विमान में बम की झूठी धमकी से जो परेशानियों होती हैं, उसमें करोड़ों का खर्च हो जाता है। धमकी झूठी होने के बावजूद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, फिर पूरे विमान और यात्रियों को जांच प्रक्रिया से गुजारना, इसके बाद विमान को सेवा में वापस लाने के लिएऑपरेटिंग क्रू की नई जोड़ी की व्यवस्था करना कम चिंता की बात नहीं है। एयरलाइंस अधिकारियों की मानें तो ऑपरेटिंग क्रू, फ्लाइट के जेएफके एयरपोर्ट तक नहीं पहुंचने से यात्रियों को परेशानी होती है। इसी दौरान कोई यदि बीमार है या बीमार हो जाए तो एक अलग तरह की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कहते हैं कि पिछले हफ्ते से तो मानों बम की फर्जी धमकियों की बाढ़ सी आ गई है। गुरुवार देर रात तक करीब 40 बम की झूठी धमकियां मिली हैं, जिससे एयरलाइंस को भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ा है। ऐसा नहीं है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियॉ इस दिशा में कुछ नहीं कर रही हैं।*

# आओ मर्दानगी खरीदो






आजकल आप किसी भी चौराहे से गुजरें या शौचालय की दीवारों पर नजर डालें, आपको कुछ महापुरुष जरूर मिलेंगे जो मर्दानगी वापस लाने का ईश्वरीय दावा करते हैं। ये विज्ञापन मानो पूरे समाज के पुरुषों को बताने पर आमादा हैं कि उनकी सभी समस्याओं का हल इनके पास है–जैसे मर्दानगी की दुकान खोल रखी हो! । शीघ्रपतन रोगी, मर्दाना ताकत वापस प्राप्त करें - यह नारा सुनकर लगता है जैसे कोई राजा अपना खोया हुआ सिंहासन दोबारा हासिल करने की तैयारी कर रहा हो। अब कोई बताए, मर्दानगी और शीघ्रपतन कब से देश की राजनीति का मुद्दा बन गए कि हर दीवार पर इन्हीं के पोस्टर चिपके हुए हैं स्कूल की बाउंड्री हो, बस स्टैंड हो, पान की दुकान या फिर शौचालय की दीवार–हर जगह ये पोस्टर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हैं। ऐसा लगता है कि मर्दानगी पर बहस अब हमारी हर दीवार पर शुरू हो गई है। विज्ञापन में दावे किए जाते हैं, सेक्स टाइम बढ़ाएं! जैसे कोई घड़ी में अलार्म सेट कर रहा हो–पांच मिनट नहीं, दस मिनट! इन विज्ञापनकर्ताओं की नजर में मर्दानगी एक टाइमर है, जिसकी बैटरी बदलने से सब कुछ सही हो जाएगा। अब सवाल यह है कि कौन से लोग मर्दानगी को एक मशीन की तरह देखते हैं और सेक्स को सिर्फ एक प्रदर्शन और जिनकी मर्दानगी मात्र मिनटों और सेकंडों की गुलाम बन गई है!

लगता है इन्हें मर्दानगी को एक विज्ञान विषय की तरह पढ़ाया जाना चाहिए, ताकि लोग समझ सकें कि इंसान कोई घड़ी नहीं है, जिसमें टाइमर फिट हो। यहां मर्दानगी का व्यापार चल रहा है, और लोग इसे बड़ी श्रद्धा के साथ अपना रहे हैं। एक तरफ़ वे लोग हैं, जो इस मुद्दे पर बात करने से कतराते हैं, और दूसरी तरफ़ ये पोस्टर वाले बाबाजी, जो चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे हैं, आओ! मर्दानगी खरीदो! जब समाज इस हद तक बाजारू हो जाता है कि मर्दानगी और ताकत भी बिकने वाली वस्तु बन जाती हैं, तब असली मुद्दे कहीं खो जाते हैं। पर विज्ञापनकर्ता जानते हैं कि लोगों की असली चिंता उनकी मर्दानगी है, और वे इसी चिंता को बेचने का धंधा कर रहे हैं। आजकल ये विज्ञापन हमें एक और बात समझा रहे हैं–मर्दानगी अब कोई आंतरिक शक्ति या आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक बिकने वाली चीज बन गई है, जिसे आप किसी गुप्त दुकान से खरीद सकते हैं। अगर दुकान पर नहीं मिले, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है, हमारे पास होम डिलीवरी भी है! बस फोन उठाइए, और मर्दानगी आपके घर पहुंच जाएगी। आज के जमाने में मर्दानगी एक ऐसा प्रोडक्ट बन गई है, जिसके प्रचार-प्रसार के लिए बस कुछ दीवारें चाहिएं। अब आते हैं सेक्स टाइम बढ़ाने के दावे पर, जो इन विज्ञापनों का सबसे आकर्षक हिस्सा है। यह टाइम का ऐसा गणित है, जो घड़ी के वक्त से भी ज्यादा जटिल है। पांच मिनट से दस मिनट का सफर इनके लिए विज्ञान से बड़ी उपलब्धि जैसा है। ऐसा लगता है जैसे किसी खिलाड़ी को दौड़ की ट्रेनिंग दी जा रही हो, बस फर्क इतना है कि यहां 'टाइम' बढ़ाने के लिए मेडल दिए जा रहे हैं। अब जरा सोचिए, जो लोग इन पोस्टरों को देखते हैं, उनकी मानसिकता पर क्या असर पड़ता होगा। आप बस से उतरते हैं, और एक पोस्टर पर नजर पड़ती है–सेक्स टाइम बढ़ाएं! अचानक आपको लगने लगता है कि शायद आपको भी इसकी जरूरत है। भले आपकी जिंदगी में सब कुछ सही चल रहा हो, पर इन विज्ञापनों को देखकर लगता है जैसे मर्दानगी की वैश्विक समस्या केवल आपसे ही शुरू होती है, और केवल ये वैद्य इसका समाधान कर सकते हैं। और फिर आप अपनी असल समस्याओं को भूलकर इन काल्पनिक समस्याओं में उलझ जाते हैं। इसी मानसिकता का फायदा ये विज्ञापनकर्ता उठाते हैं। उन्हें पता है कि लोग अपनी कमजोरियों से डरते हैं, और वे इसी डर का दोहन करना जानते हैं। यहां बात केवल मर्दानगी की नहीं है, बल्कि समाज की सोच की है। अब हर चीज बाजार के नजरिए से देखी जाती है, यहां तक कि मर्दानगी और आत्मसम्मान भी बिकने वाली चीजें बन गई हैं। ये विज्ञापन केवल दीवारों पर नहीं, बल्कि हमारे दिमाग में भी घर कर गए हैं। हम उन्हीं चीजों के बारे में सोचने लगते हैं, जिनकी कोई जरूरत नहीं होती। हमें जीवन की असली समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन हम मर्दानगी और सेक्स टाइम के झमेले में उलझते जा रहे हैं। और विज्ञापनकर्ता इसी उलझन को कारोबार बना रहे हैं। अगर आप इन विज्ञापनों को गंभीरता से लें, तो ऐसा लगता है कि पूरी दुनिया की मर्दानगी एक कमजोर धागे से लटकी हुई है, जो कभी भी टूट सकती है। और उस धागे को पकड़ने वाले ये पोस्टर वाले वैद्यराज हैं, जो हर गली में ताकत वापस लाने का वादा कर रहे हैं। क्या हम सच में इतने कमजोर हो गए हैं कि हमारी मर्दानगी अब पोस्टरों और विज्ञापनों पर निर्भर हो गई है या फिर यह समाज हमें असली मुद्दों से भटका रहा है, और हम बेवजह की चीजों में उलझ रहे हैं शायद हमें इन विज्ञापनों के बजाय अपनी असली ताकत और आत्मसम्मान पर ध्यान देना चाहिए–जो किसी वैद्यराज की दुकान से नहीं, बल्कि हमारी सोच और जीवन के तरीके से मिलती है।

**सागर यादव जख्मी**

# जीवन जीने की कला





जीवन है चलने का नाम । जो लोग परेशानी भरी जिंदगी जीते है उनकी संवेदनायें मरती नहीं है , उनकी संवेदनाएं विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की प्रेरणा देती हैं और वे अन्य के लिए भी प्रेरक बन जाते है , उनकी सहज सरल बातें भी खुशी का पैगाम बनकर उस माहौल में संवेदना , सेवा और सामाजिकता पैदा कर देती है। काश! रंगैया जैसा प्रखर नागरिक बोध हम सभी लोगों में हो तो बहुत सारी सामाजिक समस्याओं का निराकरण संभव है। नारायणगंज शाखा में शाखा प्रबंधक रहते हुए एक घटना रह रह कर याद आ जाती है, शाखा में दूर - अंचल से खाता खोलने आये रंगैया ने भी कुछ ऐसी छाप छोड़ी रंगैया जब खाता खोलने आया तो बैंकवाले ने पूछा - रंगैया खाता क्यों खुलवा रहे हो रंगैया ने बताया - साब दस कोस दूर बियाबान जंगल के बीच हमरो गाँव है घास -फूस की टपरिया और घर मे दो-दो बेटियां घर की परछी में एक रात परिवार के साथ सो रहे थे तो काला नाग आयके घरवाली को डस लियो , रात भर तड़फ -तडफ कर बेचारी रुकमनी मर गई मरते दम तक भूखी प्यासी दोनों बेटियों की चिंता करती रही सांप के काटने से घरवाली मरी, तो सरकार ने ये पचास हजार रूपये का चेक दिया है , तह्सीलवाला बाबू बोलो कि बैंक में खाता खोलकर चेक जमा कर देना रूपये मिल जायेंगे सो खाता की जरूरत आन पडी साब ! बैंक वाले ने पूछा - सांप ने काटा तो शहर ले जाकर इलाज क्यों नहीं कराया रंगैया बोला - कहाँ साब ! गरीबी में आटा गीला शहर के डॉक्टर तो गरीब की गरीबी से भी सौदा कर लेते है ,वो तो भला हो सांप का कि उसने हमारी गरीबी की परवाह की और रुकमनी पर दया करके चुपके से काट दियो , तभी तो जे पचास हजार मिले है खाता न खुलेगा तो जे भी गए अब जे पचास हजार मिले है तो कम से कम हमारी गरीबी तो दूर हो जायेगी , दोनों बेटियों की शादी हो जाएगी और घर को छप्पर भी सुधर जाहे ,जे पचास हजार में से तहसील के बाबू को भी पांच हजार देने है बेचारे ने इसी शर्त पर जे चेक दियो है । तभी किसी ने कहा -यदि नहीं दोगे तो रंगैया तुरंत बोला - नहीं साब हम गरीब लोग है प्राण जाय पर वचन न जाही साब , यदि नहीं दूंगा तो मुझे पाप लगेगा , उस से वायदा किया हूँ झूठा साबित हो जाऊँगा अपने आप की नजर में गिर जाऊँगा गरीब तो हूँ और गरीब हो जाऊँगा और फिर दूसरी बात जे भी है कि जब किसी गरीब को सांप कटेगा ,तो ये तहसील बाबू उसके घर वाले को फिर चेक नहीं देगा रंगैया की बातों ने पूरे बैंक हाल में बैठे ग्राहकों के कान खड़े कर दिए, सब तरफ से आवाजें हुई पहले रंगैया का काम करो , कैशियर के पास से पचास हजार लेकर मैं भीड़ को चीरता हुआ रंगैया के हाथों सौ रूपये वाले नए पांच के पेकेट रख दिए उसी पल रंगैया के चेहरे पर खुशी के जो भाव प्रगट हुए वो मुंह से बताये नहीं जा सकते बस इतना ही बता सकते है कि पूरे हाल में खुशियों की फुलझड़ियां जरूर जल उठीं सब लोगों की तालियों से हाल गूंज उठा। हाल में खड़े लोग कह उठे कि खुशियाँ हमारे आस -पास ही छुपीं होतीं है यदि हम उनकी परवाह करें तो वे कहीं भी मिल सकती हैं

**जय प्रकाश पाण्डेय**
**जय नगर जबलपुर**
**-9977318765**

# राम और कृष्ण ?

**लघुकथा**



प्रिया श्वेता के कमरे में गयी। देखा, श्वेता खिन्न चेहरे लिये बिस्तर पर लेटी हुई थी। नजरे सिलिंग फैन पर थी। नजरे इतनी एकटक थी, मानो वह फैन की राऊँडिंग मूवमेंट गिन रही हो। मुस्कुराती हुई प्रिया बोली- क्यों...? क्या बात है श्वेता, क्या सोच रही हो ?

प्रिया के सवाल पर श्वेता मुस्कुरा दी। बोली- कुछ नहीं बुआ। बस ऐसे ही।

न..न..! कुछ तो बात जरूर है। आखिर मैं तेरी बुआ हूँ। इसी घर-परिवार की बेटी हूँ। तेरे बाप की बहन हूँ। बता ही डालो न।

प्रिया की बातों को श्वेता अधिक देर तक इधर-उधर न कर सकी।

बुआ। सब ठीक-ठाक है। सब कुछ अच्छा है। लड़के में भी कोई कमी नहीं है ; बस काला है। कहते हुए श्वेता एकदम चुप हो गयी।

प्रिया अपनी हँसी रोकते हुए बोली- बस ! तो सुन। आँखों की पुतली काली होती है। होती है न ?

हाँ। होती है। श्वेता अपने बालों पर उंगलियाँ चलाने लगी।

बाल भी काले होते हैं न ? प्रिया की नजरें श्वेता के बालों पर थीं।

हाँ ! बिल्कुल !



कोयल भी न ?

हाँ, बुआ। कोयल तो काली होती ही है।

राम और कृष्ण भी तो....? प्रिया के बातें सुनते ही श्वेता के मुखमंडल पर मुस्कान तैर गयी।

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
**घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)**
**सम्पर्क -9753269282.**

# पैसों से मदद

**कहानी**

पूरी रात करवट बदलते ही बीती थी;जिस काम से गांव आया था,वो तो पूरा हुआ नहीं था। कल से जितनी बार भईया से बात करने की कोशिश की, उतनी ही बार भाभी बड़ी सफ़ाई से घुमा गईं और मैं कहते-कहते रुक गया कि मार्च से पहले मुझे बीस हज़ार रुपये चाहिये,नहीं तो बच्चे का एडमिशन इस साल भी उस स्कूल में नहीं हो पाएगा। मन बार-बार फिर विचलित हो रहा था,क्या भइया जान-बूझकर भाभी को सामने खड़ा कर देते हैं ? तुमसे क्या छुपा है,कैसे घर चलाते हैं,हम ही लोग जानते हैं। हालांकि ये आवाज़ भाभी की होती है हर बार,लेकिन ऐसा क्यों लगता है कि शब्द भईया के होते हैं ! घर कैसे चल रहा था,ये तो मुझे दिखता ही था बच्चों के एक से एक महंगे कपड़े,जूते,खिलौने और मेरे बेटे के पास वही गिने हुए बदरंगे कपड़े। मन एक बार फिर खिन्न हो गया.वहां से उमा दुनियाभर की बातें सुना कर मुझे यहां भेज देती है,आपके हिस्से की खेती भी तो भाईसाहब उड़ाते हैं,उसका हिसाब लो। और यहां इन लोगों की अलग बातें जी में आ रहा था,मां से लिपटकर रो लूं या इन सबसे दूर भाग जाऊं। जाग गया क्या ? आकर देख मेरे पेड़-पौधे,मां ने खिड़की से बहुत धीरे से आवाज़ दी। मैंने बगल में सोये भतीजे को देखा,वो पूरे मन से खर्राटे भर रहा था। ना चाहते हुए भी मैं बाहर निकला और मां पर बरस पड़ा,आप मानना मत कभी कोई बात इतने लोग हैं घर में,लेकिन पानी आप ही दोगी पौधों में,है ना ? और ये इतनी बड़ी पाइप काहे के लिए रखी है, जब बाल्टी से ही पानी डालना है मैंने झपटकर मां के हाथ से बाल्टी छीन ली। जल्दी से ये रख ले। मेरी बात अनसुनी करते हुए मां ने नोटों का एक पुलिंदा मेरी जैकेट की जेब में ठूंस दिया,तुझे पिंटू के एडमिशन के लिए चाहिए होंगे ना जा चुपचाप अटैची में रख आ। दस सेकंड के अंदर मेरे दिमाग में उथल-पुथल मचाकर मां मग में पानी लेकर कोने वाले पौधे को सींच आईं। अब दो सवाल सिर उठा रहे थे,पहला सवाल-मुझे रुपयों की ज़रूरत है ये मां कैसे जान गईं,पूछना बेमानी था। लेकिन दूसरा सवाल पूछना ज़रूरी था,आप भइया से लेकर मुझे दे रही हैं ना ? नहीं रे दो अंगुठियां पड़ी थीं,बहुत पुरानी,वही बेच दीं ये देखो,सबसे ज़्यादा फूल इसमें ही आते हैं,जो तुम बीकानेर से लाए थे। मां के अचानक विषय परिवर्तन पर मैंने पलटकर देखा, भाभी हमारी ओर बढ़ी चली आ रही थीं। क्या हुआ, बड़ी सुबह उठ गये बस तो दस बजे की है ना ? शॉल लपेटते हुए भाभी की सारी इंद्रियां हमारी बातचीत का सिरा पकड़ने में तल्लीन थीं।कुछ नहीं, मैं मां से पूछ रहा था कि पाइप है तो फिर उस पौधे में मग से काहे पानी डालती हैं मैंने जैकेट की जेब में हाथ डालकर नोट छुए,मेरी आंखें भीग रही थीं। वही मैं इसे समझा रही थी.मां ने चुपचाप अपनी आंखें पोंछ लीं,ये पौधा सबसे दूर है ना,वहां तक पाइप नही पहुंचती इसी लिये।

**प्रेमनारायण वेद**

# मैट्रो वाली पीहू



**कहानी**



आज सोनू का मन पढ़ाई में नहीं लग रहा था। वह एन्ट्रेंस एग्जाम (एम. टैक.) की तैयारी कर रहा था। उसने सोचा कि क्यों न दिल्ली हाट आई एन ए घूमने चला जाये। कुछ नया देखने और खाने को मिलेगा। मूड भी बदल जायेगा। वह मैट्रो में सवार होकर अभी हौज खास स्टेशन तक पहुँचा था कि विपरीत दिशा में जाती मैट्रो की खिड़की पर उसकी नज़र ठिठक गई। मानो उसने किसी खिलखिलाता ताजे गुलाब को देख लिया हो। उसके दिमाग की सुई एकदम 90 डिग्री पीछे घूम गई। अरे! ये तो पीहू है। उसके बचपन की दोस्त। कितनी बड़ी और स्मार्ट लग रही है। तभी उसकी चेतना को झटका लगा - कोई और भी तो हो सकती है सोनू साहब! एक अजीब सी हलचल सोनू अपने भीतर महसूस कर रहा था। इसी ऊहापोह में वह अगले स्टेशन पर उतरकर हुड्डा सिटी गुड़गांव वाली मैट्रो में सवार हो गया। वह सोचने लगा कि - इस समय पीहू कहाँ जा रही होगी। किसी रिश्तेदार के घर, एम जी मॉल या कुतुबमीनार उसे ध्यान आया कि पीहू के इर्द-गिर्द कुछ लड़कियां भी थीं। जरूर कुतुबमीनार घूमने आई होगी। उसने उम्मीद की डोर पकड़ ली। जिसे वह छोड़ना नहीं चाहता था। उसे लग रहा था कि इतिहास के खंडहरों में उसका अतीत जीवंत हो उठेगा। वह भविष्य के बारे में सोचने लगा। तभी कुतुबमीनार मैट्रो स्टेशन आ गया। सोनू जल्दी-जल्दी सीढ़ियों से नीचे उतरने लगा। उसकी खोजी नज़रें आसपास में पीहू को खोज रही थीं। मगर पीहू का दूर तलक कोई अता-पता नहीं था। सोनू सड़क पार करके कुतुबमीनार की ओर बढ़ गया। वह रास्ते में दोनों ओर देखता जा रहा था। मगर उसकी मंजिल अभी दूर थी। उम्मीद हारने को तैयार नहीं थी और कदम खुदबखुद आगे बढ़े जा रहे थे। टिकट विन्डो से टिकट लेकर कब सोनू कुतुबमीनार के अहाते में दाखिल हो गया उसे पता ही नहीं चला। किसी खोजी पत्रकार की तरह सोनू यहां से वहां घूम रहा था। उसकी आंखें पीहू को पास से निहारने के लिए आतुर हो रहीं थी। कुतुबमीनार, लौह स्तंभ परिसर, अलाई मीनार और सुल्तान इल्तुतमिश की कब्र आदि सब जगह वह देख चुका था। लड़कियों के हर समूह को देखकर वह उत्साह और उमंग से भर उठता मगर पास पहुंचकर सब चेहरे अनजाने - बेगाने से लगते। धीरे-धीरे मायूसी मन को झकझोरने लगी थी। वह स्वयं को धिक्कार रहा था - बड़े आये पीहू वाले। आंखों का भ्रम था। इसे ही दिनोंधी कहते हैं - सोनू बाबू! थके हुए कदमों से सोनू कुतुबमीनार के दक्षिणी परिसर में दाखिल हुआ। वहाँ सैलानियों के समूह घास पर बैठकर सुस्ता रहे थे। उनके बीचोंबीच तीन-चार लड़कियों का समूह बातचीत में खूब खिलखिला रहा था। सोनू की नज़र पीहू पर पड़ी। बिलकुल वही चेहरा जो उसने आधा घंटा पहले मैट्रो की खिड़की से देखा था। सोनू का मुरझाया मन हरहरा उठा। मगर एक मुश्किल और थी कि क्या यह वाकई में पीहू ही है। सच्चाई जानने के लिए उसने जोर से कहा - पीहू ओ पीहू पीहू ने मुड़कर आवाज़ की दिशा में देखा। उसके बचपन का नाम कौन पुकार रहा है। सामने एक मझोले कद - काठी का सजीला नौजवान खड़ा उसे एकटक निहार रहा था। सोनू ने आगे बढ़कर उत्सुकता वश पूछ लिया - आप पीहू हैं नहीं तो, पीहू को शरारत सूझी। आप कौन हैं और ये पीहू का क्या माजरा है सोनू नर्वस होते हुए - पीहू मेरे बचपन की दोस्त थी। उसकी शक्ल बिलकुल आपसे मिलती-जुलती है। मेरे नाम सोनू है। मैं छतरपुर मन्दिर के पास रहता हूँ। पीहू की स्मृति पथ से समय की धुंध पूरी तरह छट चुकी थी। वह सोनू को परेशान कर आनंद ले रही थी। मैं हूँ पल्लवी पचौरी। आपके पापा कहीं मनमोहन वर्मा जी तो नहीं आप उन्हें जानती हो हाँ और आपको भी जानती हूँ मिस्टर सोनू वर्मा। सोनू आश्चर्य के साथ उसे देखते हुए - आप मुझे कैसे जानती हो कभी हम भी छतरपुर में रहते थे। इसका मतलब मैं सही हूँ - तुम ही है पल्लवी पचौरी उर्फ पीहू हो....... ।

पीहू ने हाँ में गर्दन हिलाई और वे दोनों अपने वर्तमान को छोड़कर बचपन की यादों में खो गए ।

**कहानी रचना - नरेन्द्र सिंह नीहार**
**नई दिल्ली**

## आम नागरिकों का आम रास्ता लोहे का गेट लगाकर अचानक बन्द कर दिया



इंदौर। राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा एंव वार्ड क्र. 55 की क्षेत्रीय पार्षद पंखुड़ी डोसी की मिली भगत से आर एन टी मार्ग सुलभ कॉन्प्लेक्स हिंदी माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 परिसर से दो दिनो से आम नागरिकों का आम रास्ता लोहे का गेट लगाकर अचानक बन्द कर दिया गया है। जिससे परिसर से निकलने वाले हजारों लोगों को आवागमन करने मे ट्राफीक कि असुविधा परेशानी उठाना पड रही है।

राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं वार्ड क्र 55 की क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती पंखुड़ी डोसी की मिली भगत से परिसर का आम रास्ता लोहे का गेट लगाकर बंद कर दिया गया है। जबकि मोर्चा को शासन ने वाल्मीकि भवन बनाने कि अनुमति दी थी ना कि आम रास्ता बंद करने की । इस तरह गेट लगाने से छावनी मार्ग आर एन टी का यातायात हमेशा बाधित होगा और व्यापारी दुकाने, आम नागरिक प्रशासन ट्राफीक व्यवस्था गड़बड़ होने से हमेशा परेशानी का सबब बना रहेगा। यह जानकारी जगमोहन वर्मा ने दी।

## बच्चों को यातायात के नियमों से अवगत कराया



इंदौर। सिका स्कूल स्किम नंबर 78 बाल-वाटिका द्वारा ट्रांसपोर्ट दिवस मनाया गया। शिक्षकों ने छोटे बच्चों को लैंड,एयर और वाटर परिवहन के साधनों के बारे में समझाया। शिक्षकों द्वारा बच्चों को ट्रैफिक लाइट और ज़ेबरा क्रॉसिंग के बारे समझाया गया।कार्यक्रम को मज़ेदार बनाने के लिए रंग-बिरंगी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका स्वाति जैन ने बच्चों को यातायात नियमों और विभिन्न आपातकालीन वाहनों जैसे एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड के बारे मे बच्चों को जानकारी दी।

## ट्रांसफार्मेटिव लीडरशिप अवार्ड 2024 आयोजित




इंदौर के शासकीय एवम अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, व्यखाताओ, शिक्षक गणों का होटल लेमन ट्री में भव्य ट्रांसफार्मेटिव लीडरशिप अवार्ड 2024 समारोह आयोजित किया गया। जिसमे इंदौर जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षको ने हिस्सा लिया, जिनका सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

कार्यक्रम पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा गुजरात द्वारा आयोजित था। अवार्ड सेरेमनी में यूनिवर्सिटी के डॉक्टर पवन द्विवेदी, प्रवीण जी, एडमिशन डायरेक्टर काजल सिंह, सोनाली पाठरकर ने ब्रिलियंट हायर सेकंडरी स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर संजय कुमार मालवी उप प्राचार्य श्री राजेश कोडवानी तथा इल्वा हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय मिश्रा कोट्रांस फार्मेटिव लीडर शिप अवार्ड देकर सम्मानित किया।पश्चात संजय कुमार मालवी तथा संजय मिश्रा सर ने इंदौर जिले से आए विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षको को अवार्ड देकर सम्मानित किया।काजल सिंह ने सभी आए हुए शिक्षाविदों का आभार व्यक्त किया।

## कार्टून कोना..........










# अवैध रूप से संग्रहीत हजारों लीटर पेट्रोलियम पदार्थ जब्त

**इंदौर ।** वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए चंदन नगर स्कीम नंबर 71 इंडस्ट्रियल एरिया में अवैध रूप से संग्रहीत हजारों लीटर पेट्रोलियम पदार्थ को जब्त किया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर खाद्य गौरव बैनल के मार्गदर्शन में ज्वलनशील अवैध पेट्रोल/डीजल/पेट्रोलीयम पदार्थ के भंडारण क्रय विक्रय पर विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, 22अक्टूबर को खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिला आपूर्ति नियंत्रक एम एल मारू के नेतृत्व में दल द्वारा प्राप्त सूचना पर डी 2/5 स्कीम नंबर 71 मेकेनिक नगर चंदन नगर इंदौर स्थित फर्म मार्क इंटरप्रायजेस पर औचक छापामार कार्यवाही की गई। फर्म के गोदाम में मौके पर भारी मात्रा में 200 लीटर के बैरल में 56 पूरे भरे हुए पेट्रोलीय प्रोडक्ट के ड्रम पाए गए साथ ही 400 से ज्यादा खाली ड्रम भी पाए गए। गोदाम परिसर में पाए गए प्रोडक्ट के प्रारंभिक जांच में अत्यंत ज्वलनशील पेट्रोलीय पदार्थ पाया गया जिसकी जांच फर्म के मालिक अंकित बाफना के द्वारा कराई गई। बाफना द्वारा उक्त प्रोडक्ट अलाईंस कार्पोरेशन गुजरात से इंडस्ट्रीयल फ्यूल ऑइल के नाम से बिल प्रस्तुत किया गया किन्तु प्रोडक्ट विक्रय के बिल, बिलबुक आदि कोई वैध दस्तावेज जांच में प्रस्तुत नहीं किए गए और नही पाए गए। इंडस्ट्रीयल फ्यूल आइल का नाम, कंटेंट, लैबोटरी आदि के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किए गए। प्रारंभिक जांच में इंडस्ट्रीयल फ्यूल आइल के तथाकथित बिल की आड में ज्वलनशील पेट्रोलीयम पदार्थ का अवैध भंडारण ,क्रय विक्रय करना पाया गया जिसके लिए विस्फोटक विभाग एवं कलेक्टर का कोई वैध अनुमति लायसेंस नही पाए गए तथा मौके पर आगजनी की सुरक्षा के लिए फायर फायटर आदि सुरक्षा के कोई इंतजाम नही पाए गए। जांच दल द्वारा प्रोडक्ट कपड़े पर डालकर जलाने पर अत्यंत ज्वलनशील होना पाया गया। अत्यंत ज्वलनशील पेट्रोलीय पदार्थ पाए जाने पर मौके से विधिवत पेट्रोलीयम पदार्थ की सैंपलींग कर 56 भरे ड्रम(लगभग मात्रा-11200 लीटर ) जप्त कर सुरक्षित जगह जप्ति,सुपर्दगी में दिए गए। गोदाम में क्रय-विक्रय,भंडार में उपयोग किए जाने वाले बैरल जप्त कर फर्म के गोदाम परिसर को सील किया गया। सैंपल जांच हेतु ऑईल कंपनी की अधिकृत प्रयोगशाला में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इंडस्ट्रियल ऑयल केबल इंडस्ट्री यूस के लिए होता है लेकिन मौके पर किसी प्रकार की फैक्ट्री इंडस्ट्री नहीं पाए गई। अत्यंत ज्वलनशील पेट्रोलीय पदार्थ का अवैध क्रय विक्रय भंडारण करने पर मार्क इंटरप्रायजेस एवं अन्य के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में उक्त प्रोडक्ट किन-किन को विक्रय, उपयोग आदि की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच कार्यवाही में जिला आपूर्ति नियंत्रक एम एल मारू, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दिलीप मनवारें,शिवसुंदर व्यास,राहुल शर्मा,सौरभ यादव शामिल थे।

# शा. बालक उ. मा. विद्यालय नागदा का एन.सी.सी कैडेट बना अग्निवीर



**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** शा. बालक उ. मा. वि. नागदा की एन.सी.सी अधिकारी डॉ. रीता माहेश्वरी के नेतृत्व में चल रही एन.सी.सी ट्रूप नंबर 180 यूनिट 21 म. प्र. बी.एन. एन.सी.सी रतलाम के कैडेट रहें चेतन पिता श्री गट्टू सिंह ग्राम बनबनी, का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के पद पर हुआ है एन.सी.सी अधिकारी डॉ.रीता माहेश्वरी ने बताया गया की चेतन द्वारा वर्ष 2019- 2020 में शा. बा. उ.नागदा से एन.सी.सी की ए सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की थी कैडेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार उनकी इस उपलब्धि में एन.सी.सी के सर्टिफिकेट से प्राप्त पांच बोनस अंक का विशेष योगदान है क्योंकि यह कैडेट का चयन प्रकिया मे भाग लेने का अंतिम अवसर था कैडेट को चयन प्रक्रिया में 167 अंक प्राप्त हुए थे जबकि चयन की मेरिट लिस्ट का कट ऑफ 170 था उसने एन.सी.सी से प्राप्त 5 बोनस अंक की वजह से अन्य प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए 172 अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया उनकी इस उपलब्धि पर ब्रिगेडियर सौरभ जैन,कर्नल हर्ष सेठी, कर्नल एस अहलावत,कर्नल नीरज तिवारी, कर्नल सौरभ मिश्र,कर्नल विकास कोहले, कर्नल एच. पी.एस. अहलावत, सूबेदार मेजर जयपाल सिंह, क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान,एस.डी.एम. एस. एन. सोनी, प्राचार्य प्रतिभा बोराल, एवं समस्त शाला परिवार, ग्राम बनबनी एवं नागदा शहर के समस्त गणमान्य नागरिकों द्वारा , समस्त एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा हर्ष जताते हुए कैडेट चेतन एवं उनका नेतृत्व करने वाली महिला एन.सी.सी अधिकारी डॉ रीता माहेश्वरी को हार्दिक हार्दिक बधाईया एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर एन.सी.सी अधिकारी द्वारा डॉ रीता माहेश्वरी द्वारा मीडिया का आभार मानते हुए बच्चों के अभिभावकों से निवेदन किया कि एन.सी.सी के महत्व को समझते हुए अधिक से अधिक छात्रों को एन.सी.सी में भर्ती करवाये जिससे उनमे एकता अनुशासन के साथ-साथ देश प्रेम की भावना जाग्रत हो एवं साथ ही अधिक से अधिक रोजगार प्राप्ति के अवसर भी प्राप्त हो।

## मेडी-केप्स द्वारा ई-समिट 2024 आयोजित होगी



इंदौर। मेडी-केप्स विश्वविद्यालय के एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा आयोजित ई-समिट 24 का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 और 25 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया जाएगा और यह महत्वाकांक्षी उद्यमियों, नवोन्मेषकों और स्टार्टअप कल्चर के प्रति उत्साही छात्रों के लिए एक जीवंत मंच साबित होगा। दो दिवसीय इस आयोजन में कई रोमांचक गतिविधियाँ होंगी, जो उद्यमशील प्रतिभा को प्रेरित करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई हैं। समिट की शुरुआत सारथी सेशन से होगी, जिसमें प्रतिष्ठित वक्ता अपने उद्यमशील सफर और बहुमूल्य अनुभव साझा करेंगे, जो प्रतिभागियों के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार करेगा। इसके बाद शार्क टैंक-स्टाइल प्रतियोगिता होगी, जहां नवोदित स्टार्टअप्स अपने नवाचारी विचारों को संभावित निवेशकों के सामने प्रस्तुत करेंगे, जिससे उन्हें वास्तविक फंडिंग प्राप्त करने और अपने बिजनेस आइडिया को हकीकत में बदलने का अवसर मिलेगा। विचारोत्तेजक सत्रों और व्यावहारिक गतिविधियों के संयोजन के साथ, मेडी-केप्स यूनिवर्सिटी का ई-समिट 2024 प्रतिभागियों को इनोवेट, इंस्पायर, इम्पैक्ट करने के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार है, जो कार्यक्रम की थीम को पूरी तरह से साकार करता है।

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर

# बंगाली चौराहे से बिचौली हब्सी रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई




**इंदौर , राष्ट्रीय जनभावना।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में यातायात सुगमता के लिये बंगाली चौराहे से बिचौली हब्सी रोड तक विभिन्न प्रकार के दुकानों व वाहनों को सुव्यवस्थित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी। करीब 52 दुकानों पर फुटपाथ पर किये गये अतिक्रमण और रोड की ओर बने शैडो, सामान, होर्डिंग्स आदि सामग्री को हटाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में 56 हजार 600 रूपये की चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड वसूला करते हुए 03 ट्रक सामान जप्त किया गया। इस दौरान करीब 30 दुकान संचालकों को चेतावनी दी गई। राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम की इस संयुक्त कार्यवाही में कुल 15 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर 7 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड के रूप में वसूल किए गए। इनमें 01 बस, 06 कार व 08 दोपहिया वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। 10 वाहनों को जप्त कर थाने भिजवाया गया । इस कार्रवाई के दौरान अवैध रुप से संचालित व्यावसायिक बेसमेंट एवं अन्य 02 प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्यवाही भी की गई। इस कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त नगर निगम श्री रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, एसडीएम श्री ओम नारायण सिंह बडकुल, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक श्रीअरविंद तिवारी, ट्राफिक एसीपी श्री मनोज खत्री , जोनल अधिकारी श्री प्रभात तिवारी, ट्रैफिक निरीक्षक श्री राजेश बारवाल, सूबेदार श्री अरुण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# चिकित्सा क्षेत्र में विश्व स्तरीय सेवाओं की ओर मध्यप्रदेश अग्रसर - मुख्यमंत्री यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस कहा है कि मध्यप्रदेश चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फ्रांस की संस्था इरकैड के इंदौर में केंद्र प्रारंभ होने पर कार्यक्रम को वीडियो कॉफ्रेंसिंग से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अरविंदो विश्वविद्यालय इंदौर के डॉ. विनोद भण्डारी को इस केंद्र की शुरूआत के लिए बधाई दी और केंद्र की सफलता की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में एमबीबीएस एवं पीजी मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे प्रदेश में योग्य चिकित्सकों की कमी न रहे। राज्य सरकार ने विश्व स्तरीय चिकित्सा अधोसंरचना विकसित करने के प्रयास किए हैं।

इसमें मेडिकल कॉलेज परिसरों में नए नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में चार नए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल प्रारंभ किए गए हैं। इसके अलावा ग्वालियर में एक हजार बिस्तर क्षमता का अस्पताल भी प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीपीपी माडल पर टेलिमेडिसिन सेवा से 1200 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोड़े गए हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों में 45 तरह की स्वास्थ्य जांचें हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि इंदौर देश का फार्मा हब बन कर उभरा है। उज्जैन में सबसे बड़ा मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से गंभीर रोगियों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयर लिफ्ट कर उपचार के लिए भिजवाने की व्यवस्था की गई है।

## इंदौर को राष्ट्रीय स्तर पर फिर मिली एक और बड़ी उपलब्धि



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में इंदौर को आज फिर राष्ट्रीय स्तर की एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने इंदौर को राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किया। पाँचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के वेस्टर्न जोन में बेस्ट डिस्ट्रिक्ट कैटेगरी में इंदौर को प्रथम पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय समारोह में इंदौर कलेक्टर श्री आशीष ?सिंह को प्रदान किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन भी मौजूद थे। इंदौर स्वच्छता में तो पूरे देश में अव्वल है ही अब जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में भी अव्वल हो गया है। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर) ने 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 के लिए 09 श्रेणियों में संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की गई थी। जिनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल या कॉलेज के अलावा) और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज शामिल हैं। इंदौर को इसमें से बेस्ट डिस्ट्रिक्ट कैटेगरी का प्रथम पुरस्कार मिला।

## विचार प्रवाह

### तिनका तुच्छ नहीं

चोरों के पल्ले यह बात कभी नहीं पड़ी कि उन्होंने तिनकों का क्या बिगाड़ा है जो वे उनकी दाढ़ी में आकर चिपक जाते हैं। किसी होशियार की दुम ने समझाया कि तिनके की क्या औकात, जो चोरों की दाढ़ी तक पहुँचेगा? वह तो किसी चालू टाइप के व्यक्ति ने झूठी खबर उड़ा दी थी कि चोर की दाढ़ी में तिनका है। बस! चोर का हाथ दाढ़ी से तिनका हटाने के लिए चेहरे तक पहुँचा ही था कि दरोगा ने उसे दबोच लिया। चाल कामयाब रही, चोर पकड़ा गया, साथ में सभी चोरों के मन में हमेशा के लिए तिनके का खौफ घर कर गया। इसमें तिनके का क्या कसूर? वह तो वहाँ था ही नहीं! था तो चोर का अपराध बोध, जो उसके चेहरे पर साफ पढ़ा जा सकता था।

यहाँ चोर की नहीं, तिनके की बात हो रही है। वही तिनका जिसकी कोई हैसियत नहीं मानी जाती। घास-फूस का छोटा सा अस्तित्वहीन तिनका, कहीं भी कभी भी जमीन पर लगा या पड़ा मिल जाता है, कोई उसे आँख उठाकर भी नहीं देखता। निर्लज्ज तिनका कहीं भी उग आता है, चाहे जहाँ भटकता रहता है, हरेक के पैरों तले रौंदा जाता है, लेकिन मौका आने पर डूबते हुए का सहारा बन जाता है। सच बात यही है कि विपत्ति में छोटी सी सहायता भी बहुत उपयोगी साबित होती है। डूबते का सहारा बनने के अपने परोपकारी कार्य के कारण तिनका पूरी दुनिया में विख्यात हो गया। उसकी सारी तुच्छता भलाई के एक काम की ओट में छिप जाती है।

ओट की तो पूछिए मत! तिनका खुद जगज्जननी देवी सीता के लिए ओट बन गया था। हुआ यह कि सीता जी को हर ले जाने के बाद राक्षसराज लंकापति रावण ने उन्हें अपनी अशोक वाटिका में रख दिया था। लंकेश अक्सर सीता जी को धमकी देने अशोक वाटिका जाता था। दशानन जब भी सीता जी से बात करता तो वैदेही एक तिनका उठाकर उसकी ओट बना लेतीं। तुच्छ तिनका ओट बन सकता है क्या? नगण्य तिनका जब डूबते हुए व्यक्ति का सहारा बन सकता है तो जानकी जी की ओट क्यों नहीं बन सकता? जिस प्रकार डूबने अर्थात् संकट से जूझने की हिम्मत एक तिनके के सहारे यानी अत्यल्प प्रयास से प्राप्त की जा सकती है उसी तरह तिनके की ओट के भाव से रावण की कुदृष्टि से सीता जी स्वयं को सुरक्षित कर लेती थीं। किसी की बुरी नजर से बचने के भाव का पर्याप्त असर तिनके की ओट से भी निर्मित किया जा सकता है।

पक्षी एक-एक तिनका जोड़कर घोंसला बनाते हैं। उस घोंसले में अपने बच्चों को पालपोसकर आसमान में उड़ने लायक बनाते हैं। पेड़ों पर लटकते हुए बया के घोंसले को देखिए, वह उच्चकोटि की कारीगरी का सुंदर नमूना होता है। बया के घोंसले में बारिश के पानी की एक बूँद भी नहीं जा सकती। तिनका जब धरती पर उगे हरित तृण के रूप में जीवंत होता है तब, और कटने के बाद भी अनेक पशुओं के जीवन का आधार, उनका भोजन होता है। घास या चारे की अनेक प्रजातियाँ होती हैं। इनके अनेक धार्मिक, औषधीय एवं सामान्य उपयोग होते हैं। विद्या और बुद्धि के देवता गणेश जी की पूजा में दूर्वा का विशेष महत्व है। कुश से बनी पवित्री और आसन, हिंदुओं के धार्मिक कर्मकांड का आवश्यक अंग होते हैं। विभिन्न प्रकार के तृणों से अनेक दवाइयाँ बनाई जाती हैं।

लोगबाग छोटे-बड़े किसी को मुहावरे की सामग्री बनाने से नहीं चूकते, तो तिनके को कैसे बख्श देते? उदाहरण देखिए, तिनके का एहसान मानना, तिनके को पहाड़ कर दिखाना, तिनके चुनना, तिनके चुनवाना, पलकों से तिनके चुनना आदि। लब्बोलुआब यह है कि तिनका बिलकुल भी तुच्छ नहीं है, यदि किसी को यह ग़लतफहमी हो तो उसे तुरंत दूर कर ले।

–रमेश रंजन त्रिपाठी
इंदौर

## आईटी मिलन इंदौर द्वारा संघ परिचय वर्ग का आयोजन




**इंदौर** समाचार प्रतिनिधि! रविवार को आईटी मिलन इंदौर द्वारा संघ परिचय वर्ग का आयोजन हुआ जिसमे शहर की कई आईटी कंपनी के डायरेक्टर, सीईओ और आईटी प्रोफेशनल्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया! आईटी मिलन प्रान्त प्रमुख स्वप्निल परख्या ने प्रारम्भ में आईटी मिलन क्यों बनाया और आईटी प्रोफेशनल्स इसमें क्या करते है, एक पीपीटी में माध्यम से बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में परागजी अभ्यंकर, अखिल भारतीय सेवा प्रमुख, ऋस्ने अपने सम्बोधन में संघ से जुडी बाते बताई और संघ अगले वर्ष 2025 में 100 वर्ष का बूढ़ा नहीं अपितु आईटी प्रोफेशनल्स का नो जवान संघ होने जा रहा है, संघ के स्वयंसेवक पुरे भारत में एक लाख से ज्यादा सेवा कार्य करते है और समाज में पिछड़े लोगो को मुख्य धारा में लाने का कार्य करते है! हमारे देश को सोशल मीडिया के माध्यम से कैसे गलत-गलत नेरेटिव बनाकर तोड़ने का काम होता है और हमें उनसे कैसे बचना है मुख्य बाते कह। इस कार्यक्रम में शहर भर के गणमान्य लोग भी शामिल हुए!

एनआरआई और उद्योगपति की आपसी लड़ाई से

# देश में, इन्वेस्टरों को गलत संदेश जा रहा है

**इंदौर।** (राजेन्द्र के.गुप्ता/सात्विक गुप्ता) अब तक देश में हुई इन्वेस्टर समिट में हजारों करोड़ का इन्वेस्टमेंट उद्योगपतियों ने किया है किंतु कोई भी आपसी विवाद सामने नहीं आया है, इसका अर्थ है कोई विवाद नहीं हुआ है। वही गौरव अहलावत और संजय जसवानी ग्रुप का विवाद रूस के मास्को से लेकर इंदौर तक चर्चा में है और मीडिया की सुर्खियों में है, लगातार खबरें आ रही है, सोशल मीडिया में वायरल हो रही है, जिस राशि के हड़पने का आरोप लगा कर देश में इन्वेस्टमेंट पर सवाल उठाया जा रहा है, उस राशि के लेन–देन का कोई दस्तावेजी साक्ष्य सामने नहीं दिखाया गया है। सवाल यह भी उठता है कि 20 करोड़ की राशि इधर से उधर हो गई और उसका कोई दस्तावेज आरोप लगाने वाले के पास नहीं है.... एनआरआई के आरोप को सही माने तो इसका आंकलन किया जाना चाहिए कि देश में इस तरह से कितनी बड़ी राशि का लेन देन चल रहा है? ईडी, आयकर ऐसे ट्रांजेक्शन करने वालो के यहां भी खोज खबर लें ले.....

करोड़ों का इन्वेस्टमेंट पर दस्तावेज नहीं –

अहलावत का आरोप है कि संजय जसवानी और उनकी गैंग (गौरव ने बोर्ड पर लिख कर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया) ने इन्वेस्टमेंट करवाया और फैक्ट्री ही हड़प ली, पूरे मामले में केमको फैक्ट्री का नाम लिया जा रहा है। इस केस में जिन लोगों और फर्म के नाम दोनों की तरफ से लिए जा रहे है उनके पूरे नाम आगे उल्लेखित है। अहलावत की माने तो फैक्ट्री के रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, जीएसटी, सेंट्रल जीएसटी, गुमास्ता, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति/एनओसी, आयकर, फूड डिपार्टमेंट, बैंक ट्रांजेक्शन आदि के कोई भी दस्तावेज अहलावत के पास होना अभी तक सामने नहीं आया है, ना ही वो विभागों से दस्तावेज निकाल पाए है, ये सबसे बड़े आश्चर्य की बात है! अहलावत का आरोप है कि जसवानी ने सभी दस्तावेज और रिकार्ड धोखे से छुड़ा (छीन) लिए है। दस्तावेज पुनः एकत्रित किए जा सकते है, हाईकोर्ट में गुम हुई फाइलों को भी याचिकाकर्ताओं से दस्तावेज प्राप्त करके वापस बनाया जा रहा है। तो इस मामले में दस्तावेज क्यों नहीं प्राप्त किए जा सकते है?

एनआरआई होने का दावा, वर्षों से भारत में !? अहलावत अपने आपको एनआरआई लिख रहे है किंतु उनकी विज्ञप्तियों के अनुसार ही वो वर्ष 2011–12 से भारत में निवासरत है। हमारा मतलब ये वो भारत में लम्बे समय से काम कर रहे है और लगभग इसी अवधि से दोनों के मेल मिलाप की बात सामने आ रही है। पत्नी ने रूस से वीडियो जारी किया एनआरआई अहलावत की रूसी पत्नी के द्वारा, मास्को से वीडियो बयान जारी करके उनके पति गौरव अहलावत के 200 टुकड़े करने की धमकी देने का आरोप, चॉकलेट सहित अन्य निर्माण करने वाले उद्योगपति संजय जैसवानी पर लगाया है, साथ ही जसवानी पर उनके पति की फैक्ट्री हड़पने का आरोप भी लगाया है। इतना विवाद होने के बाद भी धमकी देने का कोई साक्ष्य अहलावत के पास नहीं है। जिस तरीके से अहलावत लड़ाई लड़ रहे है उससे वो लड़ाई, लड़ने के लिए सक्षम नजर आ रहे है। धमकी देने वालों की लोकेशन, मोबाईल लोकेशन आदि पुलिस को ट्रेस करना चाहिए। प्रधानमंत्री, कलेक्टर, पुलिस को शिकायतें बेअसर क्यों? विगत कई दिनों से इन दोनों की आपसी लड़ाई की खबरें मीडिया में बनी हुई




है, अहलावत नए–नए तरीके से शिकायतें और प्रदर्शन कर रहे है। अब सवाल यह उठता है कि अहलावत ने अब तक किसी विभाग से आरटीआई के तहत दस्तावेज प्राप्त क्यों नहीं किए है? लेन देन का रिकॉर्ड क्यों नहीं दिया है? कोई भी दस्तावेज की कॉपी/फोटो कॉपी, ऑन लाईन रिकॉर्ड के, बातचीत के कोई भी साक्ष्य अपने पास क्यों नहीं रखें? या रिकवर क्यों नहीं करवाए? इस तरीके से, इतनी लड़ाई लड़ने वाले अहलावत गच्चा कैसे खा गए? वर्तमान में भी उनकी लड़ाई का परिणाम दिखाई नहीं दे रहा है। खैर दोनों एक दूसरे के संबंध में विज्ञप्तियां प्रकाशित करवा रहे है, अखबार वाले लगातार समाचार प्रकाशित कर रहे है, फिर भी कार्यवाही के नाम पर, अब तक कोई ठोस एक्शन पुलिस, कलेक्टर सहित किसी भी विभाग के अफसरों ने नहीं लिया है। क्या अहलावत सिर्फ बोल कर आरोप लगा रहे है? उनके आरोपों के अनुसार उनके पास बैंक रिकॉर्ड सही किसी कार्यालय के दस्तावेज या आपसी बातचीत का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है? 200 टुकड़े करने की धमकी का कोई साक्ष्य भी नहीं है क्या? खैर हम तकनीकी खबर लिखते है इसलिए ये सवाल उठा रहे है। हमारी शिकायतों पर पूर्व में कई गुटखा फैक्ट्रियों पर, सेंट्रल एक्साईज के अफसर छापे मार कर, सैकड़ों करोड़ के केस बना चुके है, हाईकोर्ट ने हमारी आपत्ति पर आरोपी गुटखा किंग का अग्रिम जमानत आवेदन खारिज किया है।

न्याय मिलना चाहिए –

जिसके साथ अन्याय हुआ है उसे न्याय मिलना चाहिए और अगर कोई मनमाने आरोप लगा रहा है, तो दूसरे पक्ष को भी मानहानि सहित अन्य वैधानिक कार्यवाही करना चाहिए। अगर अहलावत के आरोप गलत है तो ये ब्लैकमेलिंग की श्रेणी में भी आ सकते है। आज के युग में मोबाईल रिकॉर्डिंग, ईमेल, वाट्सएप पर भी कई व्यवहार होते है वह भी साक्ष्य के रूप में मान्य है। अगर राजनीतिक संरक्षण के कारण कार्यवाही नहीं हो रही है तो, न्यायपालिका की शरण ली जा सकती है, हां न्यायपालिका की शरण में जाने के लिए दस्तावेजी साक्ष्य लगते है, रिकार्ड लगता है। यह कह कर आरोप सिद्ध नहीं होते है कि समस्त दस्तावेज छुड़ा लिए गए है, कही तो, किसी कार्यालय में रिकॉर्ड होगा, वहा से आरटीआई के तहत दस्तावेज प्राप्त किए जा सकते है, स्टाम्प रिकॉर्ड ट्रेजरी से लिया जा सकता है। इस तरह तो सिर्फ देश में इन्वेस्ट करने वाले उद्योगपतियों में गलत संदेश जा रहा है। बोर्ड लेकर अहलावत ने प्रदर्शन किया है और प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर कार्यालय इंदौर में जो बोर्ड लेकर अहलावत और उनका साथी खड़ा है उस पर ये लिखा है –वाय इन्वेस्ट इन इंडिया? वाय एफआईआर नोट रजिस्टर्ड सिंस 15/09/2024 अगेंस्ट संजय जैसवानी एंड हिज गैंग? अब सवाल यह उठता है कि अगर आपसी विवाद है तो, देश में इन्वेस्ट करने पर सवाल उठाना और विरोधी पक्ष को गैंग कहना, वो भी बिना किसी साक्ष्य के आश्चर्य में डाल रहा है! जिस तरह से अहलावत लड़ाई लड़ रहे है, उससे तो ये नहीं लगता है कि, वो पहले भी भय में रहे होंगे और इतने नासमझ भी नहीं होंगे की अपने करोड़ों के इन्वेस्टमेंट का उनके पास किसी तरह का कोई रिकॉर्ड ही नहीं रखा हो! क्योंकि उसका उल्लेख किसी भी विज्ञप्ति या खबर में नहीं आया है। वर्ष 2011–2012 में अहलावत और संजय जसवानी की मुलाकात की बात सामने आ रही है। अहलावत दावा कर रहे है कि उन्होंने केमको में इन्वेस्ट किया है, वही जसवानी का दावा है कि किसी दोस्त ने अहलावत से मिलवा कर, इंदौर में फैक्ट्री डालने में मदद करने को कहा था। अब अगर केमको में अहलावत का इन्वेस्ट नहीं है तो कौन सी फैक्ट्री अहकावत ने डाली थी? खैर हम अपने स्तर पर इस विवाद के दस्तावेज जुटाने की कोशिश करेंगे और देखेंगे की तमाम प्रतिबंधों, नियमों के बाद भी करोड़ों का लेन–देने हो गया या नहीं हुआ और उसका कोई बैंक ट्रांजेक्शन सहित कोई रिकॉर्ड सामने क्यों नहीं आ रहा है? आर्थिक लेन देन की जांच करने वाले किसी विभाग के अफसरों को इस मामले की कोई भनक तक क्यों नहीं लगी? अगर आरोप सही माने तो इतने वर्षों में अन्य लोगों के द्वारा कितनी राशि का लेन देन इस तरह से किया होगा, जो वैधानिक तरीके से हुआ या अवैधानिक तरीके से? यह भी जांच का विषय होना चाहिए। लेने और देने वाले दोनों दोषी है। अगर अहलावत की बात मानी जावे तो इतनी बड़ी राशि का ट्रांजेक्शन कैसे हुआ? क्योंकि सभी कुछ हवा में चल रहा दिखाई दे रहा है। जसवानी ने अहलावत के द्वारा उनको ब्लैकमेल करने की कोशिश करने का आरोप भी विज्ञप्ति में लगाया है। दोनों की लड़ाई में देश में इन्वेस्टमेंट को घसीटा जा रहा है। अगर उनके आरोप की राशि को देखें और मामले को उछालने के तरीके को देखे तो, अन्य एनआरआई या उद्योगपतियों के द्वारा देश में किए गए हजारों करोड़ का इन्वेस्टमेंट छोटा लग रहा है !?

इन कंपनियों और व्यक्तियों के नाम दोनों पक्ष ले रहे है –

केमको चीव फूड प्रा लि, जी आर पी क्रिएशन प्रा लि, श्याम प्रिंट एंड पैक्स, अंकुर ट्रेडर्स। गौरव अहलावत पिता सुरेन्द्र मोहन सिंह, संजय जसवानी पिता अर्जुनदास जसवानी, कंचन जसवानी, काजल जसवानी, विजय जसवानी, साक्षी जसवानी, छोटेलाल, ज्योति पूरी, अजीत त्रिपाठी, सैफी, सुधीर डागा, सुधीर , कृष्णावंती, संजय कलवानी।

पूर्व एफआईआर हुई है –

दिनांक 20/08/2020 को विवाद होने पर थाना लसुडिया में अपराध क्रमांक 790/2020 दर्ज होने का उल्लेख अहलावत ने विज्ञप्ति में किया गया है और आरोपी के द्वारा उनसे माफी माँगने का उल्लेख भी किया है, सजा का या कोर्ट निर्णय का उल्लेख नही किया।

एक फैक्ट्री हरियाणा में भी –

इस विवाद में हरियाणा में भी स्थित एक फैक्ट्री का नाम भी लिया जा रहा है। खबरों में अहलावत के आए बयान के मुताबिक इन्वेस्टर समिट के माध्यम से इंदौर में इन्वेस्ट किया जाना बताया जा रहा है।

## एसडीओपी राहुल खरे: अवैध कारोबार पर लगाम, अपराधियों में खौफ, जनता में भरोसे की मिसाल



**देपालपुर** (संदीप सेन)। क्षेत्र के एसडीओपी राहुल खरे का नाम आज उस प्रशासनिक क्षमता और कुशल नेतृत्व का प्रतीक बन गया है, जिसने जनता के मन में पुलिस विभाग के प्रति नए सिरे से विश्वास पैदा किया है। अपने एक साल के कार्यकाल में उन्होंने पुलिसिंग का वह मानक स्थापित किया है, जिसे पूरे विभाग के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। उनका बेहतरीन समन्वय, सतर्कता और अवैध कारोबार पर कड़ा नियंत्रण उनके अद्वितीय नेतृत्व को दर्शाता है। राहुल खरे के नेतृत्व में बेटमा, गौतमपुरा, और देपालपुर पुलिस थानों ने अपराध पर कड़ी कार्रवाई की है। खरे की रणनीति और टीम की मेहनत ने अवैध कारोबारियों की कमर तोड़ दी है, जिससे इलाके में अपराधियों में जबरदस्त खौफ का माहौल है। अपराधियों की सूची पर लगातार निगरानी और सटीक योजनाबद्ध तरीके से अपराध पर अंकुश लगाने के प्रयासों से अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

प्रशासनिक दक्षता और सजगता–

राहुल खरे की प्रशासनिक दक्षता का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि उनके कार्यकाल के दौरान देपालपुर क्षेत्र में कोई बड़ा हादसा या दुर्घटना नहीं हुई। उनकी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व का असर हर स्तर पर दिखाई देता है। पुलिस विभाग के हर अधिकारी और कर्मचारी के साथ उनका बेहतरीन समन्वय यह सुनिश्चित करता है कि हर स्तर पर जिम्मेदारी से कार्य हो। उनकी सजगता के कारण सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है और उनका निराकरण तेजी से किया जाता है।

जनता के प्रति सहज और सरल व्यवहार:

राहुल खरे का जनसेवा के प्रति समर्पण ही उनकी सबसे बड़ी पहचान है। उनके कार्यालय में जब कोई फरियादी आता है, तो वे उसे सम्मानपूर्वक बुलाकर उसकी समस्या सुनते हैं। न केवल सुनते हैं, बल्कि समस्या के समाधान में व्यक्तिगत रुचि लेकर उसे तत्काल निपटाने का प्रयास करते हैं। इस व्यवहार से वे आम जनता के दिलों में खास जगह बना चुके हैं। उनके सरल और मानवतावादी दृष्टिकोण ने न केवल आम नागरिकों बल्कि पुलिस विभाग के आलाधिकारी और उनके सहयोगियों के बीच भी उनकी प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया है।

सशक्त नेतृत्व और टीम भावना–

राहुल खरे के नेतृत्व में पुलिस विभाग में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनकी नेतृत्व क्षमता और टीम को साथ लेकर चलने की कला ने पुलिस को और अधिक मजबूत और कारगर बना दिया है। अपराधियों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई और समाज में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता से यह क्षेत्र अब अधिक सुरक्षित महसूस करता है। अवैध कारोबारियों और अपराधियों के बीच उनकी सख्त छवि ने उन्हें अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक काबिल अधिकारी बना दिया है। राहुल खरे का समर्पण, जिम्मेदारी और कुशल नेतृत्व पुलिस विभाग को गौरवान्वित करता है। उनकी सफलता का यही सिलसिला उन्हें प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस अधिकारियों में शामिल करता है। पुलिस विभाग को उनके जैसे सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है जो न केवल कानून-व्यवस्था को बनाए रखे, बल्कि जनता के दिलों में पुलिस के प्रति आदर और विश्वास को और मजबूत करे।

## शासकीय कर्मचारियों को 28 अक्टूबर तक वेतन देने के आदेश

**इंदौर** 21 अक्टूबर 2024 राज्य शासन ने शासकीय कर्मचारियों को माह अक्टूबर 2024 का वेतन/मानदेय/पारिश्रमिक का भुगतान दीपावली के पूर्व 28 अक्टूबर 2024 एवं पश्चातवृति तिथियों में दिये जाने के आदेश जारी किये हैं। शासन ने आउटसोर्स एजेंसी को भी आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक का भुगतान एवं सार्वजनिक उपक्रम/स्थानीय निकाय/विश्वविद्यालय/स्वशासी निकाय को परामर्श दिया है कि वह भी अपने वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही करें। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिये गये हैं।

## ब्राइडल थीम पर मनाया करवा चौथ



**इन्दौर** ब्राइडल थीम पर कलचुरी समाज इंदौर की महिला कार्यकर्ताओं ने करवा चौथ सेलिब्रेट किया। इस दौरान किटी संयोजिका ज्योति सूरज जायसवाल और अंजलि शिव कुमार गुप्ता ने विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया। रैंप वॉक में संजीली राय व आरती जायसवाल अव्वल रहीं। सुंदर दुल्हन का पुरस्कार उमा राय और श्वेता चौकसे ने जीता। सुंदर मेहंदी संजीली राय एवं बेस्ट हेयर स्टाइल स्नेहा जायसवाल की रही। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने पारिवारिक सामंजस्य और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सद्भावना की मिसाल प्रस्तुत की।

## करवाचौथ में पिया ने भी दिया पत्नियों का साथ, मोराने दम्पति ने मिलकर मनाया त्योहार



सुहागिनों ने गुरुवार को करवाचौथ का व्रत रखकर अपने पतिदेव की लंबी उम्र की कामना की। व्रत रखने वाली सुहागिनों ने दिनभर निर्जला रहकर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना करते हुए व्रत रखा। शाम को करवा चौथ की कहानी सुनने महिलाएं मंदिर गई। जहां उन्होंने विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मिट्टी के बने करवों को सुहागिनों द्वारा बदला गया। करवों में मिठाई पानी भरकर सुहागनों ने इसे एक दूसरे के करवों से बदला। इसी करवे के पानी से रात को चांद निकलने पर उसे अर्क दिया गया तथा उसी पानी को पति के हाथ से पीकर अपना व्रत भी खोला। गुरव समाज के मीडिया प्रभारी मोराने दम्पति हेमन्त मोराने और रीना मोराने ने भी करवाचौथ का व्रत रखकर साथ साथ पर्व मनाया।

जहां करवाचौथ पर महिलाओं ने व्रत रखा है। वहीं, कुछ पतियों ने भी अपनी पत्नी का पूरे दिन व्रत रखकर साथ दिया। कई पतियों ने तो रविवार छुट्टी होने से घर में पूरा दिन पत्नी के साथ बिताया। शाम को पत्नी के लिए मनपसंद पकवान बनाएं और रात को पत्नियों का व्रत खुलवाने के बाद उनको तोहफा दिया। रीना पति हेमन्त मोराने ने सुबह से नहा-धोकर लाल पीले रंग की साड़ियों पहनकर और हाथों में पिया के नाम की मेहंदी लगाकर करवा चौथ के लिए तैयारी कर रही थीं। सुहागिनों के हाथों में खनकती चूड़ियों की आवाज भी मानों इस पर्व का हिस्सा बनने के लिए आवाज लगा रही हो। रात होते-होते सुहागिनों ने चांद दिखने के बाद छलनी में पूजा के लिए दीपक जलाकर छलनी से चांद का दर्शन कर अपने सुहाग का भी दीदार किया। जिसके बाद चांद व सुहाग दोनों की आरती उतार पति की दीर्घायु की कामना की, जिसके बाद पत्नियों ने अपने पतियों के पैर छूएं। वहीं, पतियों ने भी सदा सुहागिन रहने के लिए उनके सिर पर हाथ रखा। पूरे दिन भूखे प्यासे रहने के बाद पत्नियों ने अपने पति के हाथ पानी पीकर व्रत खोला।

## मैकेनिक नगर गुरुद्वारा वाली लाइन पर अवैध रूप से हॉस्टल बना दिया: 35 फुट के रास्ते पर कर लिया है कब्जा





अवैध तरीके से हॉस्टल स्कीम नंबर 44 क्कमैकेनिक नगर गुरुद्वारा वाली लाइन पर अवैध रूप से हॉस्टल बना दिया गया रास्ते की जगह पर और उसके पास में पावर हाउस के चार खंबे भी लगे उसमें ढाबा बना दिया और पास की दुकान में टूल्स की दुकान बना दी ऐसे कर कर 35 फुट रेस्ट को बंद कर दिया और मैकेनिक नगर से विष्णुपुरी कॉलोनी में जाने का रास्ता बंद कर दिया छावनी का गुंडा रउफ ने यह तीनों दुकानों पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और अवैध हॉस्टल बनाकर एक लाख से ऊपर महीना किराया वसूल कर रहा है जो की आइडिया और नगर निगम में रास्ते की जगह छोड़ रखी है और फर्जी दस्तावेज बात करके लोगों के ऊपर धक जमता है और जो रास्ते की डिमांड करते हैं उनको आधे दिन झगड़ा करने की बात करता है पिछली बार ट्रांसपोर्ट नगर में आग लग गई थी जो की रास्ता बंद होने के कारण लोग निकल नहीं पाए और यह कॉलोनी में जाने का रास्ता है कृपया हमने इसकी जानकारी जिलाधीश महोदय को दी है आवक-जावक में भी दिए विष्णुपुरी के रहवासी लोग ने और कई दुकानों पर भी हॉस्टल अवैध नशे के बिगर परमिशन के जो हॉस्टल बना रहे हैं उनके ऊपर भी उचित कार्रवाई की मांग की है

# टाटका में 154 हेक्टर शासकीय भूमि पर किए अतिक्रमण को हटाने की मुहिम जारी रही

**सीतामऊ (कांजी भाई) । मंगलवार को दूसरे दिन भी प्रशासन द्वारा ग्राम टाटका में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी रही । इस गांव में अतिक्रमणकारियों ने रिकार्ड तोड़ 154 हेक्टर भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ था जिसपर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर अदिति गर्ग के सक्त दिशा निर्देश में स्थानीय प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लगातार मुहिम जारी है ।**



उल्लेखनीय है कि तहसील अंर्तगत ग्रामीणों में अवैध अतिक्रमण पर कठोर कार्यवाही की जा रही हे वही दो दिन पूर्व राजस्व अमले द्वारा गांव बापच्या 49 हेक्टर भूमि जो की 12 करोड़ से अधिक की शासकीय भूमि को कब्जेदारो से कब्जा मुक्त करवाकर शासन का बोर्ड लगाकर पंचायत के सुपुर्द की गई थी उसी कड़ी में सोमवार को दोपहर 2 बजे के लगभग स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल सहित गांव टाटका गांव पहुंचे जहा पर ग्रामीणों द्वारा 154 हेक्टर यानी 570 बीघा शासकीय भूमि पर हांकजोत कर फसल उगाई जाकर खेती की जा रही थी जिसपर तहसीलदार मनोहर लाल वर्मा द्वारा धारा 248 के तहत प्रकरण दर्ज कर बे दखली आदेश जारी कर मौके पर पहुंचे जहा पर अवैध कब्जा धारियों के कब्जे से भूमि को मुक्त कराया गया कब्जे वाली भूमि पर तीन से चार जेसीबी एवं टैक्टर द्वारा मौके पर हंकवाया गया तथा मुक्त कराया गई भूमि की कीमत लगभग 67 करोड़ रुपए की से अधिक राशि आंकी गई । कार्यवाही के दौरान एसडीएम शिवानी गर्ग तहसीलदार मनोहर लाल नायब तहसीलदार प्रतिभा भाभर सीईओ प्रभांशु कुमार सिंह नायब तहसीलदार मोहित सिनम सुवासरा राजस्व निरीक्षक राजाराम पाण्डेय चंद्रकांत गेहलोद हितेश पंवार प्रकाश वर्मा कालू सिंह फौजी ऋतुराज सोलंकी साताखेड़ी सरपंच नारायण सिंह भाटी सचिव दसरथ सिंह भाटी नाशीर खान अशोक गहलोत नारायण चौधरी साताखेड़ी चोकी प्रभारी सुभम व्यास सहित पुलिस बल एवं राजस्व अमला मौजूद था कब्जे वाली भूमि को चारो ओर खाई लगाकर एवं बीच में गड्ढे किए गए बताया गया की ये कार्यवाही मंदसौर जिले की सबसे बड़ी कार्यवाही की गई जानकारी अनुसार अवैध अतिक्रमण पर ऐसी कार्यवाही होती रहेगी ।

## रोटरी आहार केन्द्र को 621 भोजन के पैकेट हेतु राशि प्रदान की

मन्दसौर। श्री लक्ष्मीलाल सूरजबाई मारू पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर ग्रेटर के तत्वाधान में मारू परिवार द्वारा साप्ताहिक सेवा प्रकल्प का आयोजन दिनांक 20 से 26 अक्टूबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसके तहत तृतीय दिवस 22 अक्टूबर को 12 बजे रोटरी आहार केंद्र पर ट्रस्ट द्वारा रोटरी क्लब के अध्यक्ष योग गुरु श्री सुरेंद्र जैन को 621 भोजन पैकेट हेतु राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अशोक मारु ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से प्रतिवर्ष सेवा प्रकल्प आयोजित किये जा रहे। जिसका उद्देश्य मानव मात्र की सेवा करना है तथा जरूरतमंदों की मदद करना है। इस अवसर पर म.प्र. रीजन वर्कशॉप संयोजक श्री प्रेमेंद्र चोरडिया, मप्र रीजन सह-सचिव श्री कमलेश कटारिया, ग्रुप अध्यक्ष श्री अशोक झेलावत, उपाध्यक्ष श्रीमती संजुला धींग, सचिंव-श्री गोरव मित्तल, सह सचिव श्री जय प्रकाश चोप?ा,कोषाध्यक्ष श्री सुनील मारू, मारू ट्रस्ट के श्री ऋषभ मारू, श्री पारसमल कटारिया, रोटरी क्लब के श्री प्रवीण उकावत, पवन आदि उपस्थित थे। सभी ने मारू परिवार द्वारा किये जा रहे साप्ताहिक सेवा प्रकल्प की अनुमोदना की व ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अशोक मारू, व ऋषभ मारू का स्वागत किया।



## जनसुनवाई में 55 ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी

**मन्दसौर** । जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 55ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी।अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान निवासी काचरिया चन्द्रावत के हीरालाल द्वारा खेत पर जाने के रास्ते के संबंध मे आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर द्वारा एसडीएम मल्हारगढ़ को निर्देश दिये कि आवेदन का जल्द निराकरण कर खेत पर जाने के लिए रास्ता दिया जाए। निवासी बोरखेड़ी की संगीता बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास न दिये जाने के संबंध मे आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिये कि आवेदन की जांच कर पीएम आवास के लिए नियमानुसार कार्यवाही करें। निवासी क्यामपुर के जगदीश द्वारा अवैध पट्टे की जांच के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद पंचायत सीतामऊ को निर्देश दिये की अवैध पट्टे के संबंध में जांच कर कार्यवाही करें। निवासी सूंठी के कारूलाल द्वारा जाति प्रमाण पत्र के संबंध मे आवेदन दिया जिस कलेक्टर द्वारा सीतामऊ एसडीएम को निर्देश दिये कि कारूलाल का जाति प्रमाण पत्र जारी करें। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

## पटाखे की दुकान को गोटी सिस्टम से आवंटित की

शामगढ़ (मन्दसौर) । नगर परिषद के द्वारा मंगलवार की दोपहर 12.00 बजे के करीब फटाका व्यापारियों के समक्ष गोटी सिस्टम रखा गया इस सिस्टम के अनुसार फटाका व्यापारियों के समक्ष गोटी निकल गई और गोटी के अनुसार दुकान फटाका व्यापारियों को आवंटित की गई ज्ञात होगी वर्षो से पटाखा दुकानों के प्लांट बेतरतीब ढंग से कहीं पर भी कोई भी बैठ जाता था जिससे व्यापारियों में रोष था इस वर्ष नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्रयादव द्वाराअभिनव प्रयास करते हुए गोटी सिस्टम से दुकानों का आवंटित किया गया व्यापारियों में हर्ष है नगर परिषद ने प्रत्येक व्यापारी से रुपए 2000 शुल्क लिया गया है । जिसमें लाइट साफ - सफाई एवं फायर ब्रिगेड व अन्य सुविधाएं सम्मिलित की गई हैं । यह सभी सुविधाएं नगर परिषद सभी प्लाट धारकों को प्रदान करेगी ।

## रात के तापमान में गिरावट -दो दिन बाद बादल छाए रहने का अनुमान

**मंदसौर** । सोमवार को जिले से सटी राजस्थान सीमा के चितौडगढ़, निम्बाहेड़ा क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मंदसौर शहर सहित जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहे। जिले में सर्दी दस्तक होने लगी है। इससे तापमान में भी गिरावट आई है। रात का तापमान 20 डिग्री और दिन का तापमान 31 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के अनुसार प्रदेश से मानसून की विदाई हो चुकी है वहीं एक्टिव सिस्टम की एक्टिविटी की कमजोर हो गई है। इधर मौसम विभाग के अनुसार सिस्टम की एक्टिविटी कमजोर होने के बाद अगले 3 दिन तक बारिश होने का अनुमान नहीं है। एक सिस्टम बंगाल की खाड़ी में एक्टिव हुआ है। इसका असर 24 अक्टूबर के बाद देखने को मिल सकता है। खासकर राज्य के पूर्वी हिस्से के जिलों में गरज-चमक और बादल की स्थिति बन सकती है।

## जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज होगा

मन्दसौर । जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 23 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतामऊ में आयोजित होगा । मेले का आयोजन प्रात- 11.00 बजे किया जाएगा। जिला स्तरीय रोजगार मेले में आमंत्रित कम्पनियां एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेंस मन्दसौर, सिद्धिविनायक बायो फर्टिलाइर्ज मन्दसौर, स्वतंत्र माईक्रोफाइनेस बासवाड़ार ाजस्थान, नवभारत फर्टिलाइर्ज इंदौर, गैल इंस्टीट्युट ऑफ स्कील गुना इंदौर, चेकमेट सर्विसवड़ोदरा गुजरात, कृषिधन बयोकेयर प्रा.लि. इंदौर, बी.एस.एस. माईक्रोफाइनेस बैंगलोर, राजस्थान टेक्सटाईल्स भवानीमंडी, माँ चामुण्डा इंटरप्राइजेस देवास, न्यू जील फेशन वेयर प्रा.लि., जस्ट डायल मुंबईएवंमदरसन ऑटोमेटीव सानंद अहमदाबादकी कम्पनियां रहेगी।

## ब्रह्मलीन स्वामी भागवतानन्दजी महाराज का मनाया एकादशवां पुण्यतिथि महोत्सव

मन्दसौर। श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में ब्रह्मलीन स्वामी भागवतानंदजी महाराज का 11वां पुण्यतिथि महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। आश्रम में प्रतिष्ठित स्वामी भागवतानन्दजी के समाधी मंदिर में स्वामीजी की प्रतिमा का पूजन अभिषेक आरती की गई बाद में उपस्थित गुरू भक्तों ने प्रसाद ग्रहण की। पूजन अभिषेक पुजारी पं. दिनेश व्यास, पं. विष्णु व्यास, पं. सोम पाठक ने सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर सचिव श्री रूपनारायण जोशी ने स्वामी भागवतानंदजी को स्मरण करते हुए कहा मंदसौर नगर के साथ ही स्वामी भागवतानंदजी ने विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ के प्रतिष्ठापक ब्रह्मलीन स्वामी प्रत्यक्षानंदजी ने भागवत कथा प्रवचन सत्संग के द्वारा जो धर्मजागरण की चेतना को आगे बढ़ाया । योग गुरू बंशीलाल टांक ने कहा कि स्वामी भागवतानंदजी महाराज बहुत मधुर सहज सरल स्वभाव के थे। एक कोमल बच्चे जैसा उनका स्वभाव था।

## गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण को अपमानित करने वाले के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



भानपुरा (मन्दसौर) । मंगलवार प्रात- 11.30 बजे गुर्जर मोहल्ला स्थित श्री देवनारायण महाराज के देवरा से बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के युवा एवं बुजुर्गों ने नगर के मुख्य मार्गों से दो पहिया वाहन रैली निकालकर तहसील कार्यालय भानपुरा में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा को एवं पुलिस थाना अधिकारी रमेश चंद दांगी को सौंपा।ज्ञापन का वाचन अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना तहसील भानपुरा अध्यक्ष बंटी गुर्जर द्वारा किया गया। रैली में श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सोनी एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार श्री शर्मा को सौंपते हुए लिखा गया कि सोशल मीडिया के प्लेटफार्म इंस्टाग्राम के किंग ग्रुप में गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण को गाली देकर अपमानित करने वाले व्यक्ति ने अश्लील गाली दी एवं भगवान श्री देवनारायण का अपमान किया गया, साथ ही खुलेआम धमकी दी गई की एक बाप की औलाद हो तो आ जाएं । ज्ञापन के अनुसार गाली देने वाला व्यक्ति सुवासरा क्षेत्र का बताया जा रहा है। ज्ञापन के अनुसार गाली देने वाले व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जाने की मांग की गई है, ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि कानूनी कार्यवाही तथा गिरफ्तारी के अभाव में गुर्जर समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा । ज्ञापन सौंपने वालों में बंटी गुर्जर सहित गुर्जर समाज के अध्यक्ष हीरा लाल गुर्जर, देवसेना अध्यक्ष अप्पू गुर्जर, भाजपा मंडल भैसोदा अध्यक्ष सोदान गुर्जर, देव सेना उपाध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर, देवनारायण मंदिर के पुजारी धीरज गुर्जर सहित अनेक गुर्जर समाज जन एवं नगर व क्षैत्र के सनातनी जन उपस्थित थे।



## फ्लोटिंग फेस्टिवल गांधी सागर में प्लास्टिकों में भरा बासी खाना फेंका, कई गोवंश बीमार

भानपुरा (लालचन्द रुद्रवाल) । गांधी सागर में फ्लोटिंग फेस्टीवल 14 से 19 अक्टूबर तक पांच दिवसीय फारेस्ट रिस्ट्रीक्ट आयोजन शुभारम्भ से समापन तक विवादों में आयोजित किया गया। लेकिन समापन पश्चात् भी विवादो का गहरा नाता गुजरात की कम्पनी लल्लू एण्ड सन्स का अनवरत जारी है। ताजा विवादित मामला गांधीसागर के जागरूक सरवण गुर्जर, गोविंद गुर्जर, कानाराम गुर्जर, राहुल मेघवाल, हुकम गुर्जर, बदल, बबलू केरा,अमित, सोनू आदि गौ सेवकों द्वारा उजागर किया है। जिसमें कम्पनी द्वारा पांच दिवसीय फूड स्टॉल सहित पर्यटकों के बचे हुए संग्रहित भोजन नाश्ता को काली थैली में कार्यक्रम स्थल के बाहर खुले में फेंक दिया गया। फेंके गए बासी भोजन एवं डिस्पोजल को वहां जंगल क्षेत्र में उपलब्ध गायों ने खा लिया। जिसके कारण कई गाय गंभीर रूप से बिमार हो गई। जिनका पशु मालिको ने पशु चिकित्सकों से उपचार करवाया गया। बिमारी की वजह बतलाई गई है कि बासी भोजन एवं डिस्पोजल पन्नी की वजह से गौवंश मे यह स्थिती निर्मित हुई है। गौ सेवको ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस थाना गांधीसागर मे मय प्रमाण के एक आवेदन मे देकर मांग की गई है कि गौवंशों में इस कम्पनी की वजह से बिमारी तथा मरणासन्न स्थिति होने पर कम्पनी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। गौ सेवको ने इस आशय को लेकर क्षैत्रीय विधायक चन्दर सिंह सिसौदिया को भी अवगत करवाए जाने की बात कही गई। यही नहीं फ्लोटिंग फेस्टिवल गांधीसागर अभ्यारण्य सीमा पर लगा हुआ है। जहां वन्य प्राणी का भी आवागमन लगा रहता है। उनके ऊपर भी खतरा मंडराता नजर आ रहा है ऐसे भी वन विभाग को भी सचेत होने की जरूरत है।

**इनका कहना** –इस विषय को लेकर थाना प्रभारी तरुणा भारद्वाज ने बताया कि गौ सेवको का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले को संज्ञान मे लेकर जांच प्रतिवेदन कर जो भी उचित कार्यवाही होगी वह की जाएगी। इस आशय को लेकर ग्राम पंचायत गांधीसागर ने भी लिखित मे आयोजक संस्था को सूचित किया गया था लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने इस और ध्यान देना उचित नही समझा।

## नागरिकों के लिए मूल कर्तव्य -राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सद्भाव की नींव

मंदसौर । मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अनुपालन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थ तिवारी द्वारा भारतीय संविधान में बताया कि मूल अधिकार भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को दिए गए विशेष अधिकार हैं जो उनके सम्मानजनक जीवन और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करते हैं। इनमें जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, और शोषण के विरुद्ध अधिकार शामिल हैं। ये अधिकार संविधान के भाग 3 में उल्लिखित हैं और नागरिकों को न्यायालय में जाने का हक भी प्रदान करते हैं अगर इनके उल्लंघन का मामला सामने आता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की ट्रस्टी सेवानिवृत न्यायाधीश श्री रघुवीर सिंह चुंडावत, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार , महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर राजेश कौशिक द्वारा किया गया।

## सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयास से भानपुरा मंडी में निलामी कार्य का शुभारंभ हुआ

मंदसौर । मंडियों में किसानों को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता गंभीर है। उन्होने विगत दिनों मंडी की बैठकों में कई विषयों पर गंभीरता से चर्चा की जिसके परिणाम भी सामने आने लगे है। पहले मंदसौर मंडी में मुंगफली की निलामी कार्य प्रांरभ हुआ फिर उसके बाद मंडी प्रशासन को होमगार्ड के समीप भूमि भी आवंटित हुई। अब सांसद गुप्ता का एक ओर प्रयास से किसानों को सुविधा मिली। सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयास से भानपुरा मंडी में भी निलामी का कार्य प्रांरभ हुआ। मंगलवार को भानपुरा मंडी भी निलामी का कार्य प्रारंभ हुआ। पूजा पाठ व शुभ मुर्हुत में सोयाबीन की निलामी से यह कार्य प्रांरभ हुआ। पूर्व में भानपुरा कृषि उपज मंडी में व्यवसाय का कार्य नही होता था जिससे उस क्षेत्र के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। या तो किसानों को शामगढ़ मंडी में अपनी उपज लाकर बेचना पड़ती थी या फिर पड़ोस के राज्य राजस्थान में उपज लेकर जाना पड़ता था। जिससे किसानों को ट्रांसपोर्ट के साथ अन्य समस्याएं आती थी।

## संभाग बनाओं अभियान संस्थाएं बनीं सहभागी

मंदसौर । मंदसौर नागरिक मंच के तत्वावधान में चल रहे संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत गांधी चौराहा पर पोस्टकार्ड अभियान के 21वें दिन नगर की विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सहभागी बने सभी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम मंदसौर को संभाग बनाने की मांग का पोस्टकार्ड लिखा और आम जनों से भी मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखने का आह्वान किया। जन परिषद मंदसौर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा कि मंदसौर जिला मुख्यालय को संभाग बनाने की मांग महज केवल एक मांग नहीं बल्कि क्षेत्र की जनता का अधिकार है प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जिस तरह से संरचना है उसमें मंदसौर का संभाग बनना नैसर्गिक रूप से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय श्री मति चंदा डांगी, आरती जैन ने संबोधित किया ।



## गणित विषय के 18 विद्यार्थियों की उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग-1 में नियुक्ति

मन्दसौर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार मन्दसौर जिले के 18 विद्यार्थियों की उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग-1 में गणित विषय में नियुक्ति की गई है। डॉ. दिनेशचन्द्र गुप्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर के पूर्व विद्यार्थी ज्योति सोनी, आयुषि जेठानिया, पुष्कर धाकड़, मंशाराम धाकड़, गोवर्धन जाटव, सोनाली शर्मा, मोनिका शर्मा, मनीषा शर्मा, पूजा पाटीदार, कुणाल लवाणी, पंकज मराठा, निर्मल मेहता, अश्विनी पंवार, शाहीन पठान एवं अन्य विद्यार्थी राकेश, प्रियंका, विकास एवं आरूचि प्रधान की नियुक्ति उच्च माध्यमिक शिक्षक वर्ग-1 में नियुक्ति हुई है। उल्लेखनीय हैकि आरूचि प्रधान एवं गोवर्धन जाटव ने अपने-अपने संवर्ग में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर नियुक्त विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों अभिनन्दन एवं सम्मान महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मान. श्री नरेशजी चंदवानी, प्राचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र गुप्ता, विभागाध्यक्ष गणित डॉ. टी.के. झाला एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगरपालिका के द्वारा पेचवर्क का कार्य प्रारंभ

मंदसौर । आगामी दीपावली पर्व एवं त्योहार को ध्यान में रखते हुए नगर के नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो इसके लिए नगरपालिका परिषद ने नगर में सडक़ों के पेचवर्क का कार्य प्रारंभ कर दिया है नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व सभापति श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी के निर्देश पर नगर में जहां भी रोड की हालत पेचवर्क करने लायक है वहां पेचवर्क का कार्य शुरू किया जा रहा है कल सोमवार को नगरपालिका द्वारा कालाखेत में होटल नीलम वाले रोड के पेचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया

## अफीम फसल नीति यथाशीघ्र घोषित करने की मांग की



मन्दसौर। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर फसल वर्ष 2024-25 की अफीम फसल नीति घोषित करने की मांग की है।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने लिखे पत्र में कहा कि अफीम की फसल की खेती कराये जाने हेतु प्रति वर्ष अफीम फसल नीति सितम्बर माह में ही घोषित कर दी जाती है, लेकिन इस वर्ष 22 अक्टूबर तक भी अफीम फसल नीति घोषित नहीं की गई है जबकि अफीम की फसल बोई जाने का समय 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष अफीम फसल नीति की घोषणा में देरी के कारण किसान परेशान है, क्योंकि समय से फसल नहीं बोई गई तो अफीम उत्पादन में देरी से बोये जाने के कारण उत्पादन कम हो जाता है तथा किसान निर्धारित औसत सरकार को नहीं दे पाता है। इसलिए अफीम उत्पादन नीति की घोषणा प्रति वर्ष सितम्बर माह में ही की जाती है ताकि किसान अक्टूम्बर माह में निर्धारित समय पर फसल बोकर अपेक्षित परिणाम प्राप्त कर सके। सांसद श्री गुर्जर ने अफीम कास्तकारों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि देर से अफीम फसल नीति घोषित करने के कारण अफीम फसल देरी से बोई जायेगी तथा अफीम फसल देरी से मार्च-अप्रेल माह में आयेगी तथा गर्मी बढ़ जाने व ठण्ड कम हो जाने के कारण अफीम फसल में कई तरह की बीमारियां आती है तथा बीमारी को नियंत्रित करने में किसानो का भारी खर्चा होता है एवं किसानों की अफीम की औसत भी पूरी नहीं हो पाती है। इन सभी समस्याओं के निराकरण हेतु श्री गुर्जर ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण से अफीम फसल वर्ष 2024-25 की नीति यथाशीघ्र घोषित करने की मांग की है।

## किसान बंधु फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें

रतलाम। जिला किसान कल्याण कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों से डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक उपयोग किए जाने की अपील की गई है। उपसंचालक श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने कहा है कि डीएपी से नाइट्रोजन और फास्फोरस की पूर्ति होती है जबकि एनपीके में नाइट्रोजन पोटाश एवं फास्फोरस होता है, किसान एनपीके का उपयोग करके बेहतर फसल उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उपसंचालक ने कहा है कि ऐनपी के 12-32-16 और 16-16-16 उर्वरकों से फसलों में मुख्य पोषक तत्व नटराजन फास्फोरस एवं पोटाश तत्व की पूर्ति होती है। इसी तरह 20-20-0-13 से नाइट्रोजन फास्फोरस एवं सल्फर की पूर्ति होती है। डीएपी से केवल दो तत्व नाइट्रोजन एवं फास्फोरस ही मिलते हैं, डीएपी से पोटाश की पूर्ति नहीं होती है। इसके अलावा सिंगल सुपर फास्फेट जिसमें 16 परसेंट फास्फोरस 12 प्रतिशत सल्फर तथा 21 प्रतिशत कैल्शियम पाया जाता है। इसके उपयोग से फसल के उत्पादन में वृद्धि होती है। जिले में रबी 2024 में मुख्य फसल गेहूं, चना, मसूर तथा सरसों है, इसके लिए एनपीके उर्वरक का उपयोग किया जा सकता है। वर्तमान में डीएपी और एनपीके उर्वरक की 7809 मेट्रिक टन, यूरिया 8424 मेट्रिक टन तथा पोटाश 2207 मेट्रिक टन उपलब्धता है। जिले को 700 मेट्रिक टन डीएपी का एक रेलवे रैक 22 अक्टूबर को प्राप्त हो चुका है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए



रतलाम। आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश के आदेश एवम् कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा आगामी त्यौहार को देखते हुए मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी जारी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल द्वारा बताया गया कि मंगलवार को रतलाम शहर में कार्यवाही करते हुए बाजना बस स्टैंड स्थित गंगा स्वीट्स एंड नमकीन से पेड़े और सेव के नमूने लिए गए। गंगा रेस्टोरेंट से घी और मिठाई के नमूने लिए गए। हरमाला रोड़ स्थित जय महाकाल नमकीन से मिक्सचर और सोयाबीन तेल के नमूने लिए गए तथा आशीर्वाद नमकीन से मावा का नमूना लिया गया। लिए गए सभी नमूने जॉंच हेतु राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे जहाँ से प्राप्त जॉंच रिर्पोट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।आगे भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## आबकारी विभाग द्वारा 72 बल्क लीटर मदिरा तथा वाहन जब्त



रतलाम। कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी पी.सी. केरवार के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत 20 अक्टूबर 2024 को वृत्त स प्रभारी अधिकारी पुष्पराज सिंह द्वारा ग्राम बिबडोद क्षेत्र के रिंग रोड से दिनेश पिता रमेश गुर्जर को दो पहिया वाहन क्रमांक एम.पी.43 डीडब्ल्यू 0389 से अवैध रूप से परिवहन करते हुए विदेशी मदिरा बीयर की 6 पेटी कुल 72.0 बल्क लीटर जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। इस प्रकार कुल जब्त मदिरा 72 बल्क लीटर एवं वाहन की कीमत 98720 रुपए आंकी गई। उक्त कार्यवाही मे आबकारी आरक्षक संतोष नेका, भगवतीलाल सोलंकी, विक्टोरिया डामोर, भावना खोडे, नगर सैनिक चेतराम मालवी की सक्रिय भूमिका रही। अपराधों के विरुद्ध इस प्रकार कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## खेत पर गई मासूम तालाब में डूबी

### पिता बोले- पेड़ के नीचे बैठाकर सिंचाई करने गया था, लौटा तो नहीं मिली

रतलाम। डीडी नगर पुलिस थाना अंतर्गत बडिया़ गांव में मंगलवार को 7 साल की मासूम की पानी में डूबने से मौत हो गई। वह अपने पिता के साथ खेत पर सिंचाई के लिए घर से निकली थी। सुबह करीब 9 बजे खेत पर मोटर चालू करने के बाद पिता सिंचाई के लिए खेत में चला गया। इधर, बच्ची खेलते-खेलते तालाब के पास जा पहुंची और पैर फिसलने के कारण डूब गई। वह काफी देर तक नजर नहीं आई तो पिता ने तलाशना शुरू कर दिया। खोजते-खोजते पिता को बच्ची का शव तालाब में नजर आया। बाल अस्पताल में बच्ची को मृत घोषित कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। पिता मुकेश डांगी ने पुलिस को बताया कि सुबह खेत पर सिंचाई करने के लिए घर से निकल रहा था। इस दौरान बड़ी बेटी हर्षिता (7) साथ जाने की जिद करने लगी। इसलिए मैं उसे अपने साथ खेत ले गया था। पिता ने बताया कि खेत पर जाने से पहले हर्षिता ने अपनी दो साल की बहन सरस्वती को काफी लाड़-दुलार किया। खेत पर मैं हर्षिता को पेड़ के नीचे बैठाकर सिंचाई के लिए मोटर चालू करने गया, पानी खेत में छोडऩे के लिए मिट्टी की पाल खोदकर जब वापस लौटा तो वह नजर नहीं आई। सूचना पर आस-पास के अन्य किसान भी आए। सभी ने हर्षिता को खोजना शुरू किया। इसी दौरान वह खेत के पास बने तालाब में डूबी नजर आई।

# सड़क हादसे में मुर्ति खण्डित





**सैलाना। राजस्थान के नोगामा के सुखोदय तीर्थ नसियाजी मे 24 अक्टूम्बर को स्थापित होने जा रही मूर्ति सरवन के पास ट्राले से फिसलकर नीचे गिर गई जिसमें मूर्ति के दो टुकड़े अलग अलग हो गए। घटनास्थल पर वागड़ के सेकड़ो दिगम्बर जैन समाज के लोग एकत्रित हो गए थे। मूर्ति जयपुर से मध्यप्रदेश के सागर में मुनि सुधासागर जी महाराज से तिलक दान करवा कर नोगामा जा रही थी।**

मुनि सुव्रतनाथ भगवान की 15 फीट ऊंची, 12 फीट चौड़ी और 25 टन वजनी प्रतिमा 24 अक्टूबर को नौगामा के सुखोदय तीर्थ नसियाजी में स्थापित की जाने वाली थी जिसके समाजजनों द्वारा भव्य कार्यक्रम असयोजित किया गया था। इस प्रतिमा के लिए 11 टन वजनी कमल के फूल का आसन बनाया गया है। बता दे आचार्य विद्यासागरजी महाराज के आशीर्वाद,मुनि पुंगव सुधा सागरजी महाराज के सानिध्य, प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया सुयश अशोक नगर के दिशा निर्देशन में शनि ग्रह अरिष्ट निवारक भगवान मुनि सुव्रतनाथ का मंदिर नौगामा में बन रहा है।

**क्रेन से 108 फीट ऊंचाई पर प्रतिमा को 9 मिनट तक स्थिर रखने की थी तैयारी**-सुखोदय तीर्थ पर भगवान की प्रतिमा को विशेष क्रेन से 108 फीट ऊंचाई पर 9 मिनट तक स्थिर रखने की तैयारी को भी मूर्त रूप दे दिया गया था। यह नजारा इसलिए विशेष माना जा रहा था की शनि ग्रह अरिष्ट निवास्क भगवान मुनि सुव्रतनाथ की प्रतिमा हवा में ही चारों दिशाओं में इस धरा पर खुशहाली की दृष्टि बरसाएंगे। इसी भावना के साथ यह प्रतिमा स्थापित करनी थी। प्रतिमा पर ड्रोन से रत्न व पुष्पवर्षा भी जाने वाली थी

## पेंशनरों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी - डॉ. बेन

रतलाम। रेलवे पेंशनर जो की सेवानिवृत्ति के बाद रेलवे अस्पताल से स्वास्थ्य सेवाएं लेते हैं मेरा प्रयास होगा कि बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। 60 प्रतिशत से अधिक रेलवे पेंशनर रेलवे चिकित्सालय की सुविधा लेते हैं हमारा यह प्रयास रहेगा की हर पेंशनर स्वस्थ रहे सुखी रहे उपरोक्त विचार पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल चिकित्सालय के नवांगतूक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार बेन ने सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर स्थानांतरित मुख्य चिकित्सा अधिक डॉ. सिम्मी गुप्ता का भी बुके से स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं से भी अवगत कराया जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय खरीद की दवाइयां शीघ्र उपलब्ध हो, कॉन्टैक्ट डॉक्टर्स मरीज को समय दें, अस्पताल के एक दरवाजे वाला गेट जो बंद है उसे ओपीडी वाला गेट खोला जाए, सिटी स्क्रीन के लिए अतिरिक्त सुविधा भी मुहैया कराई जाए, जिससे मशीन खराब होने पर मरीज परेशान ना हो इसलिए एक अतिरिक्त कांटेक्ट भी किया जाए, सुलभ और अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉक्टर की रिक्तियां भरी जाए।

## अतिक्रमण करने व गंदगी फैलाने वालों पर किया जुर्माना

रतलाम। 80 फीट रोड व जावरा रोड पर कबाड़ा फैलाकर अतिक्रमण करने व ट्रेक्टर चालक द्वारा सड़क पर खराब प्याज डालकर गंदगी करने पर निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट के निर्देशानुसार संबंधितों पर जुर्माना किया गया। स्पॉट फाईन दल द्वारा निरीक्षण के दौरान 80 फीट रोड पर एक महिला द्वारा कबाड़ा फैलाकर अतिक्रमण करने पर संबंधित का कबाड़ जब्त कर 1000 रूपये का जुर्माना किया गया इसी तरह जावरा रोड पर कबाड़ा व्यापारी रिजवान खान द्वारा गंदगी फैलाने पर 2000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा डी मार्ट वाली सड़क पर एक ट्रेक्टर चालक द्वारा सड़क पर खराब प्याज डालकर गंदगी करने पर संबंधित का 2000 रूपये का जुर्माना किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान दल प्रभारी राजेंद्र सिंह पवार के अलावा राकेश शर्मा, कृष्णा बैरागी, कमलेश सिंह, सुनील बैरागी मौजूद थे।

## आतिशबाजी दुकान आवंटन हेतु राजस्व समिति की बैठक संपन्न



रतलाम। महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम राजस्व सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी दिलीप गांधी की अध्यक्षता में आहूत हुई जिसमें आतिशबाजी दुकान आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। आयोजित बैठक में समिति को अवगत कराया गया कि दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय हेतु बरबड़ व त्रिवेणी मेला ग्राउण्ड पर अस्थाई दुकान ब्लॉकों का आवंटन किया जाना है इस पर समिति द्वारा अनुशंसा की गई कि उक्त स्थलों पर पर्याप्त साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन वाहन खड़े किये जाये। इसके अलावा आतिशबाजी लायसेंसधारी को ही दुकान ब्लॉक आवंटन किया जाये साथ ही आवेदक द्वारा अपने आवेदन में मोबाईल नम्बर का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें इसकी सुनिश्चित्ता की जाये व आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करें। दुकानदार सुरक्षा की दृष्टि से दुकान का निर्माण टीन शेड से करें साथ ही अपनी दुकानों में पानी के ड्रम व बालू रेत की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखें इस बाबत् समिति द्वारा अनुशंसा की गई। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी दिलीप गांधी के अलावा समिति सदस्य योगेश पापटवाल, रणजीत टांक, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती स्मिता माहेश्वरी समिति सचिव कैलाशचन्द्र कर्मा आदि उपस्थित थे।

# पैरालीगल वालेंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**रतलाम। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमेश पांडव के मार्गदर्शन तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार जैन के निर्देशन में 22 अक्टूबर तक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पांडव, विशेष न्यायाधीश प्रयागलाल दिनकर तथा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राजीव उबी द्वारा मॉं सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उमेश पाण्डव द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व एवं सुक्षमता से प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधित विषयों की गहनता के बारे में बताया गया। उनके द्वारा सभी को अनुशासन में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर को विद्यमानप्रशिक्षकों द्वारा अलग-अलग विषय पर प्रशिक्षित किया गया, जिसके अंतर्गत श्री रामजी गुप्ता, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अपने उद्बोधन में फैमिली लॉ-हिन्दू विवाह अधि. मुस्लिम विवाह अधि., दत्तक ग्रहण भरण-पोषण, कस्टडी एवं गार्जियनशिप, संपत्ति विधि-वसीयत, संपत्ति का अंतरण संबंधी प्रावधान, पंजीयन, श्री संजय कुमार जैन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोकोपयोगी अधिनियमों के व्यवहारिक प्रावधान जैसे-उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधि. आदि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश के पालन में पीएलव्ही का योगदान आदि, श्री अरविंद श्रीवास्तव, अष्टम जिला न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में पैरालीगल के उद्धेश्य, विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाऐं-निःशुल्क विधिक सहायता, सलाह, मध्यस्थता, लोक अदालत, विधिक साक्षरता शिविर आदि जानकारी प्रदान की गई। षष्ठम जिला न्यायाधीश श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि द्वारा महिलाओं संबंधी कानून- कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडऩ निवारण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेसी एक्ट 1971, पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994, आईपीसी एवं सीआरपीसी के प्रावधान, पाक्सो अधि0 2012 प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड सुश्री कृतिका सिंह द्वारा- किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के उद्देश्य कार्य एवं प्रक्रिया, भारतीय संविधान प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य आपराधिक विधि-एफआई, 138 एनआई एक्ट, गिरफ्तारी, जमानत, अभियुक्त के अधिकार, महिलाओं संबंधी आपराधिक विधि के प्रावधान, जेल अधीक्षक श्री लक्ष्मण सिंह भदौरिया द्वारा- जेल में निरूद्ध बंदियों के संबंध में जानकारी एवं उनके अधिकार, जिला समन्वयक ममता संस्था महिला एवं बाल विकास विभाग श्री सुनील सेन ने बालकों से संबंधित कानून-किशोर न्याया बोर्ड अधिनियम, बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम, कारखाना, अधिनियम 1948 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार से स्लाईडों के माध्यम से बताया। श्रवण कुमार द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिला सशक्तिकरण विभाग योजना, समेकित बाल संरक्षण योजना, चाइल्ड लाईन 1098, आई. टी. ऑफीसर जीटीपीसी जावरा श्री मुकेश गुप्ता द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं एवं साइबर सुरक्षा, श्रीमती अनिता गुप्ता, सेबी स्मार्ट जावरा द्वारा भारतीय प्रतिभूति बाजार का लक्ष्य, निवेश के अवसर, सभी हितधारकों को सशक्त बनाकर भारत का विकास गाथा को प्रोत्साहित करना %निवेशक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय साक्षरता, अंकित बघेल जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी द्वारा लोक सेवा गारंटी कानून जैसे-जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई डी, राशन कार्ड, विवाह पंजीयन के बारे में जानकारी दी गई।

जिला आयुष अधिकारी जे. सी. राठोर ने आयुष विभाग की औषधियों एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी दी। विशाल वर्मा, जिला संयोजक पतंजली योग समिति ने सुक्ष्म व्यायाम कराया तथा योग से होने वाले लाभ की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भवन एवं अन्य संनिर्माण के श्रमिकों हेतु ई-स्कूटर अनुदान योजना

रतलाम। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों हेतु ई-स्कूटर अनुदान योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में पंजीकृत श्रमिकों को ई-स्कूटर क्रय करने पर ई-स्कूटर के मूल्य की 50 प्रतिशत राशि (अधिकतम 40,000/- रूपए) अनुदान राशि के रूप में प्रदाय की जावेगी। आवेदन हेतु पात्रता की नाहों में आवेदक का निर्माण श्रमिक के रूप में 05 वर्ष तक सत्तत् रूप से वैध पंजीयन होना तथा ई-स्कूटर का आरटीओ का रजिस्ट्रेशन पंजीकृत निर्माण श्रमिक के नाम से होना अनिवार्य है। योजना अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लाभ प्रदान किया जावेगा। हितग्राहियों द्वारा मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला-रतलाम में संपर्क किया जा सकता है।

## डिस्ट्रिक्ट होम्योपैथिक मेडिकल कालेज का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा







रतलाम। म.प्र. मेडिकल साइन्स युनिवर्सिटी, जबलपुर द्वारा बी.एच.एम.एस. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, रतलाम म.प्र. का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। इस परीक्षा परिणाम में पवन पाटीदार ने 1200 अंकों में से 864 अंक प्राप्त कर प्रथम, लक्षिका दासौंधी ने 853 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं रूपल शर्मा ने 825 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर आकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस परीक्षा परिणाम को लेकर सभी परीक्षार्थियों में अपार हर्षोल्लास है। डॉ.एस.एम. शर्मा मेमोरियल मेडिकल फाउण्डेशन, रतलाम के डायरेक्टर डॉ. अभिजीत देशमुख, ट्रस्ट के पदाधिकारियों, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भरत पटेल एवं समस्त टीचिंग स्टाफ ने होम्योपैथिक महाविद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं एवं सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

# रतलाम में महालक्ष्मी मंदिर का खुला खजाना - सोने की अंगूठी निकली, सजावट के लिए आए 22 लाख से ज्यादा रुपए

**रतलाम। दीपावली के पहले रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर का दानपात्र आज (मंगलवार) दोपहर खोला गया। दानपात्र में श्रीलंका का 100 रुपए का नोट समेत सोने-चांदी की अंगूठी निकली। नोटों की गिनती अब भी हो रही है। मंदिर में दीपावली पर पांच दिन तक नोटों व आभूषणों से सजावट होगी। इसके लिए अब तक करीब 22 लाख से अधिक कीमत के नए नोट आ चुके हैं, गिनती का सिलसिला अब भी जारी है। तहसीलदार ऋक्षत्र ठाकुर के निर्देश पर नाजिर भेरुलाल मालवीय और पटवारी राजेश रावल गिनती कर रहे हैं।**

इधर, सूतक के दौरान पूजा करने के विरोध के बाद संजय पुजारी को हटाकर प्रशासन ने अन्य पुजारी को नियुक्त कर दिया है। पूर्व में पदस्थ रहे पुजारी के कार्यकाल के दौरान मंदिर में रखी हर एक सामग्री की जानकारी प्रशासन जुटा रहा है। यहां तक हाल ही में सजावट के लिए आए नोटों की भी गिनती प्रशासन ने की है। मंदिर में पूर्व पुजारी ने अपने नाम से मां लक्ष्मी जी की तस्वीर बनाकर शासकीय पुजारी लिखवाकर मंदिर में रख रखी थी। वह भी प्रशासन ने अलमारी में रखवा दी है। वहीं अब प्रशासन मंदिर में हर एक चीज नए पुजारी को सुपुर्द कर उनकी निगरानी में रख रहा है।



**दानपात्र में नोटों के साथ निकली चिल्लर-** दोपहर के समय नाजिर भेरुलाल मालवीय की उपस्थिति में पटवारियों की टीम ने दानपात्र खोला, जिसमें बड़ी मात्रा में नोट और चिल्लर निकली है। नोटों की छंटनी कर अलग-अलग रखे जा रहे हैं। दानपात्र में से 100 रुपए का श्रीलंका का नोट, सोने की अंगूठी व चांदी के पैर, चांदी के घुंघरु भी निकले हैं। पटवारी मुकेश मरमट, विजय मकवाना, राजेश रावल, जगदीश कसेरा, बाबुलाल मुनिया, गिरीश शर्मा एवं विकास व्यास नोटों को अलग-अलग कर गिनती में लगे हैं। शाम तक राशि की गणना हो पाएगी।

**मंदिर में आए 22 लाख रुपए के नोट-** मंदिर में पूर्व पंडित संजय पुजारी ने सजावट को लेकर शरद पूर्णिमा से नोट व अन्य सामग्री लेने की शुरुआत की थी। अब तक मंदिर में 22 लाख 41 हजार 200 रुपए के नए नोटों की एक रुपए से लेकर 500 रुपए तक नए नोटों की गड्डियां आ चुकी हैं। इनमें से अब तक 7 लाख 54,200 रुपए की फ्रेश नोट की गड्डियां रखी हुई हैं। जबकि 14 लाख 87 हजार रुपयों की सजावट मंदिर परिसर में लडिया़ं बनाकर की जा चुकी हैं। सोमवार को भी कई लोग मंदिर में नोट लेकर आए थे, लेकिन नहीं लिए गए। मंगलवार को प्रशासन की अनुमति के बाद फिर से मंदिर में सजावट के लिए नोट लेकर आने वाले लोगों का सिलसिला शुरू हो चुका है।

**गर्भगृह में माताजी के आर्टिफिशियल मुकुट-** जब प्रशासन की टीम ने मंदिर में रखे आभूषणों की जांच की तो गर्भगृह में माताजी के आर्टिफिशियल मुकुट, पीतल की महालक्ष्मी जी की मूर्ति, पीतल की गणेश जी व ठाकुर जी की दो मूर्ति, एक आर्टिफिशियल गाय व मंदिर परिसर में लगी 8 प्रतिमाओं पर चांदी का 9 मुकुट, 18 कुंडल व 8 छत्र मिले हैं। जिन्हें नए पुजारी के हैंडओवर कर दिया है।

## अमिताभ को बेहद पसंद है वड़ा पाव




कौन बनेगा करोड़पति में, गुजरात निवासी कला और शिल्प और संगीत की शिक्षिका, प्रतियोगी हर्षा उपाध्याय हॉट सीट पर बैठेंगी ।खाने से संबंधित सवाल के बाद एक खुशनुमा बातचीत के दौरान, हर्षा उपाध्याय ने अमिताभ बच्चन से पूछा कि क्या उन्हें चूरमा पसंद है, जिस पर उन्होंने हंसते हुए खुलासा किया कि भले ही उन्होंने सभी व्यंजनों का स्वाद न चखा हो, लेकिन एक स्नैक उन्हें बेहद पसंद है, वह है वड़ा पाव! उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, उससे बढ़ कर कोई चीज़ नहीं है, छोटा-सा है, लेकिन इतना बढ़िया है... हर जगह मिलता है, सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी।

## धूम मचाने के लिए तैयार है जय बजरंगबली



रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म सिंघम अगेन का पहला गाना, जिसका नाम जय बजरंगबली है, रिलीज़ हो गया है! हनुमान चालीसा से प्रेरित यह शक्तिशाली ट्रैक त्योहारी सीज़न के लिए एकदम सही साउंडट्रैक है।सिंघम अगेन के लिए बड़े पैमाने पर प्रत्याशा रही है। ट्रेलर को दर्शकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली और केवल 24 घंटों में 138 मिलियन बार देखा गया। अब, यह गाना अपने आध्यात्मिक सार और उच्च-ऊर्जा ध्वनि के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है।जय बजरंगबली में कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी आवाज दी है, जिनमें शामिल हैं, - श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा, लक्ष्मी नायडू, अद्वितेय, श्रुति रंजनी, प्रणति, ऐश्वर्या दारुरी। , साहिथी चागंती, मनीषा पंडरंकी, श्रुतिका, लक्ष्मी मेघना, नादप्रिया, और वाग्देवी।

## बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाना जरुरी



बागबान फिल्म में अमिताभ बच्चन के बेटे की भूमिका से चर्चित नासिर खान, अब सन नियो के लोकप्रिय शो %साझा सिंदूर% में एक दमदार किरदार में नज़र आ रहे हैं। एक समय बच्चन के बेटे का किरदार निभाने वाले अभिनेता नासिर आज %साझा सिंदूर% शो में गगन (साहिल उप्पल द्वारा अभिनीत किरदार) के पिता, जसवंत की भूमिका निभाकर दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। हाल ही हुई एक ख़ास बातचीत के दौरान नासिर खान ने खुलासा किया कि कैसे एक अभिनेता के रूप में समय के साथ बदलते किरदारों को अपनाना बेहद ज़रूरी है। उनका मानना है कि बदलते दौर के साथ तालमेल बिठाना ही एक अभिनेता की सबसे बड़ी ताकत है।नासिर खान ने कहा, मैंने अपनी मर्जी से इंडस्ट्री से ब्रेक लिया था और इसके लिए किसी और को दोष देना ठीक नहीं होगा। यह सब हमारे खुद के फैसलों पर निर्भर करता है।

## अली और ऋचा ने जिउ-जित्सु विश्व चैंपियन को अपने साथ जोड़ा



सशक्तिकरण का प्रसार करने के एक अनोखे तरीके में, ऋचा और अली एनजीओ मुक्कामार तक पहुंचे, जो लड़कियों को आत्मरक्षा सिखाता है, और जिउ जित्सु में विश्व चैंपियन, एंड्रेसा सिट्रा और लुकास वैलेंटे द्वारा आयोजित एक जिउ जित्सु कार्यशाला का आयोजन किया। मुक्कामार गर्ल्स, अभिनेता इशिता शर्मा द्वारा शुरू की गई, एक सम्मानित एनजीओ है जो लड़कियों को अपने अधिकार और स्वयं देखभाल पर ज़ोर देने के लिए सिखा रही है - चाहे वह मार्शल आर्ट ट्रेनिंग और एथलेटिक्स के माध्यम से हो। ऋचा चड्ढा कहती हैं, आत्मरक्षा का मतलब सिर्फ जवाबी हमला करना नहीं है; यह आत्मविश्वास और जागरूकता पैदा करने के बारे में है। हमें मुक्कामार गर्ल्स के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, एक संगठन जो वर्षों से आत्मरक्षा के माध्यम से युवा लड़कियों को सशक्त बना रहा है।



## कमाल का है कशिका कपूर का स्क्रीन प्रजेंस

कशिका कपूर ने गीता के रूप में एक ऐसा प्रदर्शन दिया है जो प्रामाणिकता और भावनात्मकता से भरा हुआ है। उनकी शिक्षा के लिए संघर्ष करती एक दृढ़ लड़की की भूमिका ने फिल्म के मुख्य संदेश को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया है। कशिका कपूर ने गीता के रूप में एक दिल छू लेने वाला प्रदर्शन दिया है, जो सामाजिक बंधनों के बीच अपने सपनों को बनाए रखने की कोशिश करती एक लड़की की भावना को कैप्चर करता है। उनका गांव की लड़की का किरदार, जो अपनी शिक्षा के लिए संघर्ष कर रही है, बारीक और विश्वसनीय है। उन्होंने गीता की मासूमियत और दृढ़ निश्चय को बेहतरीन तरीके से पेश किया है, जिससे दर्शक उनके किरदार के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं।

## साड़ी में हॉट लग रही है खुशी कपूर

नवोदित एक्ट्रेस खुशी कपूर नेअपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की, जिनमें वह साड़ी पहने नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में उनकी स्टाइल और खूबसूरती ने फैशन के शौकीनों और उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। खुशी ने साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज पहना हुआ है और उन्होंने अपने लुक को नेचुरल मेकअप के साथ पूरा किया है, जो इस त्योहारी सीजन के लिए एक परफेक्ट स्टाइल स्टेटमेंट बन गया है। पोस्ट के कुछ ही मिनटों के भीतर, उनके फॉलोअर्स और बॉलीवुड सितारों ने उनकी पोस्ट पर लाइक और कमेंट्स की भरमार कर दी। अभिनेत्री और फिल्म निर्माता रिया कपूर ने भी खुशी की तारीफ करते हुए दिल के इमोजी भेजे। कई प्रशंसकों ने खुशी के साड़ी लुक को दिवाली के लिए आइडियल मानते हुए इस फैशन को फॉलो करने का इरादा जाहिर किया।



## वनवास 20 दिसंबर को होगी रिलीज़




गदर: एक प्रेम कथा, अपने और गदर 2 जैसी हिट फिल्मों के साथ, ज़ी स्टूडियो और अनिल शर्मा ने बड़ी सफलता हासिल की है। दशहरे पर उन्होंने अपनी अगली फिल्म वनवास के बारे में एक बड़ी घोषणा की, जिसमें एक और शानदार फिल्म लाने का वादा किया गया। ऐसे में अब, बिना किसी देती, मेकर्स ने फिल्म के रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। जी हां! यह फिल्म सिनेमाघरों में इस 20 दिसंबर रिलीज होने के लिए तैयार है। वनवास एक बहुत ही दिलचस्प कहानी होने वाली है, जो एक टाइमलेस थीम पर रोशनी डालेगी। यह दिखाएगी की कैसे फर्ज, सम्मान, और अपने कर्म के परिणाम जिंदगी को आकार देते हैं।

## मेन्टॉर की भूमिका में नज़र आएंगी उर्फ़ी जावेद

अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने प्लेग्राउंड स्4 में नए मेन्टॉर के रूप में ऊर्फी जावेद के शामिल होने की घोषणा की है। ऊर्फी जावेद बेबाक अंदाज़ वाले फैशन स्टेटमेंट और सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड शख्सियत के लिए जानी जाती हैं, और यकीनन उनके आने के बाद यह शो हर लिहाज से और भी धमाकेदार होने वाला है, जिसमें नई-नई चुनौतियाँ सामने आएंगी जो सभी कंटेस्टेंट को अपने-अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने पर मजबूर कर देंगी। इस शो में पहले से ही पहले से ही मुनव्वर फ़ारूक़ी, एल्विश यादव, मिथपैट और मॉर्टल जैसे पावरहाउस मेन्टॉर की मौजूदगी में कंटेस्टेंट जबरदस्त मुकाबले का सामना कर रहे हैं, और यकीनन ऊर्फी के आने के बाद क्रिएटिविटी और उत्साह का स्तर दोगुना हो जाएगा।




## रोनित रॉय और सौंदर्या शर्मा ने बिखेरा जलवा



रोनित बोस रॉय और जोशीली सौंदर्या शर्मा ने लिबास के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर जलवा बिखेरा। सौंदर्या ने 'मस्ताना' कलेक्शन से एक फूलों से सजी गुलाबी लहंगा पहना, जबकि रोनित ने हाथ से बनाए गए कट दाना वर्क वाले हाथी दांत सफेद बंदगला ट्रेंच कोट में चार चांद लगा दिए।यह कलेक्शन हर उस चीज़ का प्रतीक था जो दुल्हन और उनके परिधान से जुड़ा है। कलेक्शन एक सफर था जो शुद्ध सफेद, नरम काले और म्यूट गोल्ड टोन से होकर गुज़रा। यह शो एक काव्यात्मक यात्रा की तरह था, जो रूपांतरण और पुनः खोज को दर्शाता है।बीटीएफडब्ल्यू कलेक्शन के मास्टरपीस जल्द ही लिबास स्टोर्स पर पेडर रोड, मुंबई और दुबई में उपलब्ध होंगे।



## प्रिया का घाघरा-चोली लुक बिखेर रहा राजस्थानी आकर्षण

शो 'वसुधा' में मुख्य भूमिका निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने अपनी शानदार एक्टिंग और खूबसूरत ट्रेडिशनल लुक से दर्शकों का दिल जीत लिया है। अपने किरदार में पूरी तरह उतरते हुए, प्रिया ने स्क्रीन पर जबर्दस्त ऊर्जा बिखेरी है। वो रंग-बिरंगी घाघरा-चोली पहनती हैं, जो न सिर्फ वसुधा को एक गांव की लड़की के रूप में बखूबी दर्शाता है, बल्कि शो की सांस्कृतिक सुंदरता को भी बढ़ाता है।प्रिया को वसुधा का किरदार निभाते हुए कुछ महीनों हो गए हैं, और अब वो इस किरदार और पहनावे से गहराई से जुड़ चुकी हैं। अपने सफर के बारे में बात करते हुए प्रिया ने बताया, ''वर्कशॉप्स के दौरान हमने कई लुक्स आज़माए, लेकिन जैसे ही मैंने यह रंगीन घाघरा-चोली पहनी, हमें समझ में आ गया कि यही सही है। ये कपड़े मुझे वसुधा के किरदार में पूरी तरह से ढलने में मदद करते हैं। इन्हें रोज पहनने से न सिर्फ खुशी मिलती है, बल्कि ये मुझे सुंदर महसूस कराते हैं ।



## मां की भूमिका निभाना बेहद संतोषजनक

मां होने के अनुभव को अक्सर प्यार और ताकत की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति माना जाता है, और हर स्त्री में यह एक स्वाभाविक भाव होता है। 'शो मैं दिल तुम धड़कन में वृंदा का किरदार निभाने वाली राधिका मुथुकुमार के लिए ऑनस्क्रीन मां की भूमिका निभाना एक बेहद संतोषजनक अनुभव रहा है। यह पहली बार है जब राधिका किसी शो में मां का किरदार निभा रही हैं और उन्होंने बताया कि कैसे यह किरदार उनके दिल के करीब आ गया है।राधिका मुथुमुकर अपने और वृंदा के किरदार के बीच गहरे संबंध को साझा करते हुए बताती हैं, वृंदा का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास यात्रा रही है। पहली बार मुझे ऑनस्क्रीन मां का किरदार निभाने का मौका मिला और जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी, तो मुझे तुरंत लगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं।

# कांग्रेस ने सहरिया आदिवासी नेता को टिकिट देकर रावत को उलझाया

इंदौर। मध्य प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद अब तस्वीर पूरी तरह से साफ हो गई। बीजेपी ने जहां विजयपुर सीट से वनमंत्री रामनिवास रावत को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने सामान्य सीट पर आदिवासी कार्ड खेलकर सहरिया आदिवासी मुकेश मल्होत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस ने युवा आदिवासी को टिकट दिया है। यह टिकट 1950 के बाद पहली बार किसी सामान्य सीट से आदिवासी को दिया गया है। व्यापमं के





व्हिसल ब्लोअर आनंद राय ने बताया कि 1950 के बाद शायद यह पहली बार हुआ है कि मप्र में सामान्य सीट पर किसी आदिवासी युवा को टिकट दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुकेश मल्होत्रा सहरिया आदिवासी हैं और पूर्व में सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## निर्दलीय लड़ा था

## विधानसभा चुनाव

2023 तक मुकेश मल्होत्रा बीजेपी में थे यहां उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा मिला हुआ था। मुकेश ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी से टिकट मांगा था, लेकिन बीजेपी ने बाबूलाल मेवा को टिकट दिया था। इसके बाद मुकेश मल्होत्रा बागी हो गए और निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस चुनाव में उन्हें 44 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। इसमें बीजेपी प्रत्याशी और मुकेश दोनों को ही हार मिली और उनकी जगह रामनिवास रावत ने बाजी मार ली। हालांकि, बाद में उन्होंने बीजेपी जॉइन की और कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। अब विजयपुर से बीजेपी ने रामनिवास रावत को ही अपना प्रत्याशी बनाया है।

## सिलपुरी के सरपंच हैं मुकेश मल्होत्रा

मुकेश मल्होत्रा सहरिया आदिवासी हैं। पहले सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रह चुके हैं। मुकेश मल्होत्रा सहरिया जनजाति से आते हैं।

वे पहले बीजेपी में थे। 2013 में उन्हें मध्यप्रदेश शासन में सहरिया विकास प्राधिकरण अध्यक्ष बनाकर राज्य मंत्री का दर्जा दिया था। वे वर्तमान में ग्राम पंचायत सिलपुरी के सरपंच है।

## विजयपुर से 9 बार कांग्रेस जीती

विजयपुर विधानसभा सीट की बात की जाए तो यहां फिलहाल बटाबरी का मुकाबला दिखाई दे रहा है। 67 साल में यहां 15 बार विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें 9 बार कांग्रेस, जबकि 6 बार बीजेपी जीत का स्वाद चखा है।

## ये खबर भी पढ़ें.....

बुदनी से राजकुमार पटेल को टिकट और विजयपुर से मुकेश मल्होत्रा मैदान में

2 लाख 54 हजार वोटर में से 60 हजार आदिवासी

विजयपुर विधानसभा सीट पर 2 लाख 54 हजार वोटर्स हैं इनमें से लगभग 60 हजार आदिवासी मतदाता हैं। इस सीट पर

अब तक आदिवासी वोटर ही हार-जीत में मुख्य भूमिका निभाते हैं। आदिवासी मतदाताओं का जिसकी तरफ झुकाव होता है, वही पार्टी जीतती है।

# एमवीए में सीट शेयरिंग को लेकर नहीं थम रहा घमासान, हो सकते हैं अलग-अलग रास्ते

मुंबई। एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी में इन दिनों घमासान मचा हुआ है। विवाद की जड़ सिर्फ इतनी है कि सभी को ज्यादा से ज्यादा सीटें चाहिए। इसके अलावा दूसरे विवाद का कारण है कि 36 सीटों पर ऐसा पेंच फंसा है जहां कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना आमने-सामने हैं। दोनो ही दल इन सीटों को अपना गढ़ मानकर चल रहे हैं।

हालांकि आज मंगलवार को एमवीए की बैठक होने जा रही है जिसमें समाधान निकालने के प्रयास होंगे। फिर भी संभावना ये भी है कि यदि कोई रास्ता नहीं निकला तो अलग अलग रास्तों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि सारी लड़ाई ज्यादा से ज्यादा सीटों पर लड़ने की है, जिससे ये संदेश जाए कि गठबंधन में बड़ा भाई हम ही हैं।

जबकि एक फैक्ट यह है कि एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन के पुराने सहयोगी रहे हैं। इस अलायंस में कांग्रेस हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रही है। लेकिन जब एमवीए की सरकार बनी तो शिवसेना सबसे बड़ी पार्टी थी। इसी को आधार बनाकर उद्धव पहले मुख्यमंत्री बने और अब विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका चाहते हैं।

महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने हैं। 20 नवंबर को एक ही चरण में वोटिंग होनी है। 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र विकास अघाड़ी में तीन प्रमुख दल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) हैं। विधानसभा चुनाव में पहली बार तीनों दल मिलकर उतर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और उद्धव सेना में सीटों को लेकर पेच फंसा है।

माना जा रहा है कि विदर्भ की सात सीटों पर उद्धव की पार्टी और कांग्रेस अपना-अपना दावा कर रही है।दरअसल, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जबरदस्त बढ़त हासिल की है। यही वजह है कि पार्टी अब विधानसभा चुनाव में भी पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। इस बार कांग्रेस विधानसभा चुनाव में कम से कम 110 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रही है। जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी 100 से ज्यादा सीटों पर दावेदारी ठोक रही है।

## कुछ इस तरह फंसा है सियासी पेंच

चूंकि, कांग्रेस 110 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। उद्धव भी 100 से ज्यादा सीटें मांग रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि फिर एनसीपी के लिए क्या बचेगा? वो कितनी सीटों पर चुनाव में उम्मीदवार उतार पाएगी। क्योंकि कुछ सीटों छोटे सहयोगी दलों को भी देनी होंगी। समाजवादी पाटी ने 12 सीटें की डिमांड रखी है।

खुद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया ब्लॉक को प्रस्ताव भेजा है।इसके अलावा, मुंबई की जिन सीटों पर पेच फंसा है, वहां अब तक कांग्रेस-शिवसेना की फाइट रही है। इन सीटों पर दोनों दलों की दावेदारी है। इसी तरह, उद्धव ठाकरे विदर्भ की सीटें भी मांग रहे हैं, जहां कांग्रेस-बीजेपी की फाइट रही है। उद्धव की पार्टी का आधार भी इन सीटों पर नहीं है। हालांकि, उद्धव की पार्टी का तर्क है कि विदर्भ की कुछ सीटों पर पिछले कुछ चुनावों में कांग्रेस लगातार बीजेपी से हारती आई है। वही, कांग्रेस का कहना है कि विदर्भ उसका गढ़ रहा है। आज वो फिर मजबूत हो चुकी है।

## अजित पवार ने 35 उम्मीदवारों को बी-फार्म दिए, नवाब मलिक व उनकी बेटी को भी बुलाया

मुंबई। महायुति की सहयोगी अजित पवार की एनसीपी ने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने की बजाय 35 उम्मीदवारों को बी फार्म दे दिया है। बाकी के लोगों को पार्टी देने वाली है। इस बारे में पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी के हमारे जो उम्मीदवार है उन्हें तैयार रहने के लिए कहा गया है। कुछ लोगों को पार्टी का बी-फार्म दिया गया है। मंगलवार को पार्टी प्रमुख व उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष व सांसद संजय तटकरे दूसरे और भी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेंगे।

महायुति के प्रमुख घटक दल बीजेपी ने 99 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी हो गई है। सोमवार को एनसीपी प्रमुख अजित पवार की अध्यक्षता में उनके सरकारी निवास पर बैठक हुई थी। वहां उपस्थित 17 विधायकों को फार्म-बी दिया गया। बैठक के बाद दूसरे कई उम्मीदवारों को भी बुलाया गया। उन्हें भी फार्म दे दिया गया है। पार्टी नेता व कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटील, अदिति तटकरे, संजय बनसोडे, चेतन तुपे, सुनील टिंगरे, दौलत दरोडा, राजेश पाटिल, दत्तात्रेय भरणे, आशुतोष काले, हीरामण खोसकर, भरत गावित, बाबासाहेब पाटिल, अतुल बेनके, नितिन पवार, इंद्रनील नाईक और बालासाहेब आजबे का नाम बताया जा रहा है। इसमें ज्यादातर वह लोग हैं जो मौजूदा पार्टी से विधायक हैं। पार्टी ने कैबिनेट मंत्री हसन मुश्रीफ और धनंजय मुंडे को अब तक बी-फार्म नहीं दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि अजित पवार की एनसीपी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक नवाब मलिक और उनकी बेटी सना मलिक को भी उम्मीदवारी बनाने की तैयारी है। मंगलवार को उन्हें पार्टी का फार्म देने बुलाया। इनके अलावा पार्टी ने दूसरे और भी उम्मीदवारों को पार्टी का अधिकृत फार्म देने के लिए बुलाया। उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के बारे में पार्टी की ओर से बताया गया कि पार्टी ज्यादातर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करेगी। कुछ सीटों पर बातचीत फाइल नहीं हुई है उसका ऐलान नहीं किया जाएगा। वह महायुति के घटक दल बीजेपी और शिंदे सेना से बात कर घोषणा की जाएगी।

## राग दरबारी



## भ्रष्टाचार के साए में दीपावली

हमेशा की तरह चोर, अफसर और एक बाबू अपने-अपने भ्रष्टाचारी तरीके से दीपावली का त्योहार को मनाने की तैयारी कर रहे थे। भ्रष्टाचार की मिठाई चखते हुए, नए नोटों की झालर लगाकर और झूठ कु फुलझड़ियों में मस्त होकर एक ऐसी दीपावली मना रहे थे, जिसे देखकर राह चलते हुए कोई भी लक्ष्मी जी अपना माथा पीट लें।

चोर कई दिनों से ही दीपावली की तैयारी में जुटा था। उसने सोचा, आज का दिन बड़ा शुभ है। लक्ष्मी जी तो वैसे भी चोरी की गाड़ी में बैठकर आती हैं, तो क्यों न मैं भी कुछ घरों में जाकर उनकी सवारी कर लूं? उसने पुराने औजारों की जगह नए चमचमाते औजार खरीदे। त्योहार का मौका है, भईया, पुरानी चीज़ों से काम नहीं चलेगा। उसने रात के लिए अपना शुभ मुहूर्त तय कर लिया। जब लोग पटाखे फोड़ रहे होंगे, तब वह घरों के ताले फोड़ रहा होगा। फिर उसने एक बड़ा पिटारा खोला, जिसमें हर तरफ नए नोट थे। उसने उन नोटों को दीपों की तरह सजाया।


उधर अफसर जी की दीपावली तैयारी भी जोर-शोर से चल रही थी। सरकारी फाइलें एक ओर पड़ी थीं और फाइलों के नीचे से नोटों की गड्डियाँ झाँक रही थीं। वह अपने चपरासी से कह रहे थे, देखो, इस बार के सारे घोटालों की फाइलें बंद करो। ये दीपावली हमारे लिए खास है। घर में तो रोशनी की कोई कमी नहीं थी, क्योंकि हर ठेकेदार और सप्लायर की ओर से भारी-भरकम गिफ्ट्स आ रहे थे। इस साल की दीवाली सबसे जगमग होनी चाहिए, उन्होंने अपनी पत्नी से कहा। सड़क बनाने के ठेके से जो मिला है, वो चंदे के रूप में डबल करके दिखाओ। अफसर जी ने सरकारी गाड़ी में घूमते हुए शहर के हर कोने को देखा, जहां उनके इशारे पर ठेकेदारी चलती थी। वह हर जगह जाकर इस बात की तसल्ली कर रहे थे कि उनके दिए आदेशों का पालन ठीक से हो रहा है या नहीं। उनकी दीपावली की तैयारी का मुख्य आकर्षण रहा, शहर की सड़कों पर लगे सजावटी बल्ब, जो उन्होंने %कमीशन% से खरीदे थे।

बाबू जी की दीपावली का रंग भी निराला था। वो दफ्तर में फाइलों के बीच बैठे थे, लेकिन मन उनके दिमाग में नोटों वाली लक्ष्मी के प्रति पूरी तरह समर्पित था। फाइलों पर मंत्री जी की सिफारिश लगी है, इसमें रोकड़ा नहीं मिलेगा। इसलिए उसने सिफारिश वाली फाइलों को एक किनारे रखा और तुरंत अपने अलमारी से मिठाई का डिब्बा निकाला। ये असली मिठाई तो वो है, जो सरकारी सिस्टम से मिलती है। बाकी लोग तो मिठाई के डिब्बे में खील-बताशे डालकर आते हैं, लेकिन असली आनंद तो नोटों का है। उनके पास हर साल की तरह इस बार भी गिफ्ट का ढेर लग गया था। वह इस भ्रष्टाचारी फेस्टिवल को बड़े शान से मना रहा था। उन्होंने एक हाथ से फाइलों पर हस्ताक्षर किए और दूसरे हाथ से मिठाई खाते हुए कहा, लक्ष्मी जी के स्वागत का सही तरीका तो यही है! बाबू जी ने अपने घर को सरकारी टेंडर के बचे हुए माल से सजाया।

दीपावली की रात को जब सब अपने-अपने घरों में लक्ष्मी पूजा कर रहे थे, तब ये तीनों भ्रष्टाचारी अपने तरीके से लक्ष्मी जी का स्वागत कर रहे थे। चोर ने अपने लूट के पैसे लेकर खूब आतिशबाजी की। अफसर जी ने अपने सरकारी ठेकों के पैसों से पार्टी दी और बाबू ने सरकारी गिफ्ट्स का भव्य आयोजन किया। चोर ने कहा, हम चोरों की दुनिया में हैं। यही हमारा त्योहार है। अफसर बोला, अरे भाई, हम तो अफसर हैं। भ्रष्टाचार पर पहला हक हमारा है। बाबू ने भी सहमति जताते हुए कहा, और मैं बाबू हूं, हमारे बिना तो कोई भी घोटाला सफल नहीं होता।

**रामविलास जांगिड़, 18, उत्तम नगर, घूघरा, अजमेर (305023) राजस्थान**

# नर्मदा नदी के किनारे अवैध निर्माण हटाएगी मोहन सरकार



इंदौर। प्रदेश सहित देश की जीवन दायिनी नर्मदा नदी के किनारों का सेटेलाईट और ड्रोन से कैचमेंट सर्वेक्षण होगा। मोहन सरकार इसकी निगरानी भी कराएगी। नर्मदा और उसकी सहायक नदियों का सीमांकन होगा। जहां अतिक्रमण हैं, वहां से अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। साथ ही नर्मदा की सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने का काम होगा।

नर्मदा किनारे बसे धार्मिक स्थलों, अमरकंटक और ओंकारेश्वर को सेटेलाईट सिटी के रूप में विकसित करने योजना तैयार होगी। नर्मदा के किनारे बड़ी बिल्डिंग के निर्माण नहीं हो सकते है। इस काम का रिव्यू नवंबर के दूसरे सप्ताह में होगा। इसके लिए 11 विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। मोहन सरकार ने सितंबर में इस लेकर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में फैसला किया था।

इस समिति में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अलावा डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहाद पटेल, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, पीएचई मंत्री संपतिया उइके और वन मंत्री राम निवास रावत शामिल हैं।

# देश भर में प्रोफेशनल्स को, भाजपा का सदस्य बनाने का अभियान शुरू

## आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी ने देशभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस सदस्यता अभियान में प्रोफेशनल्स को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ज्यादा से ज्यादा प्रोफेशनल्स को भाजपा का सदस्य बनाते हुए एक नारा दिया है। जिसे आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स कहकर संबोधित किया गया है।

## मध्य प्रदेश में प्रोफेशनल्स को जोड़ने का अभियान शुरू

आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स के लिए मध्य प्रदेश के इंदौर जबलपुर भोपाल और उज्जैन में विशेष सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। इन सम्मेलनों में प्रोफेशनल्स को बुलाया जा रहा है । प्रोफेशनल को भाजपा की विचारधारा से परिचय कराते हुए उन्हें भाजपा की सदस्यता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत भोपाल में 150 जबलपुर में 300 उज्जैन में 500 से अधिक तथा इंदौर में 1500 से अधिक प्रोफेशनल्स को भाजपा का सदस्य बनाने की सफलता प्राप्त हुई है। यह अभियान अभी चल रहा है।

मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा 1। 50 करोड़ लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का लक्ष्य तैयार किया गया है। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने इस अभियान मैं मिली सफलता की सराहना की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा तथा सदस्यता अभियान के प्रभारी महासचिव भगवान दास सबनानी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए महासचिव भगवान दास सबनानी का सम्मान भी किया गया।

# विधानसभा उपचुनाव : 13 राज्यों की 47 सीटें कई दिग्गजों के भविष्य का करेंगी फैसला

रांची। देश के 13 राज्यों में विधानसभा की 47 सीटों पर उपचुनाव होना है। ये वो सीटें हैं जिनमें से अधिकांश सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने के कारण रिक्त हुई हैं। बिहार में 4, उत्तर प्रदेश में 10 और पश्चिम बंगाल में 6 सीटें शामिल हैं। बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की अहमियत बढ़ गई है, खासकर लोकसभा चुनाव में भाजपा की अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के कारण। ममता बनर्जी की टीएमसी ने बंगाल में भाजपा को नुकसान पहुंचाया, वहीं उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्ष ने भी भाजपा के खिलाफ प्रभावी रणनीति अपनाई।



बिहार में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान हुआ, जबकि एनडीए की सहयोगी जेडीयू की भी 4 सीटें कम हुईं। तेजस्वी यादव, जो पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बूते विपक्षी गठबंधन के विधायकों की संख्या 110 तक ले गए थे, उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं। जबकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने विकास कार्यों पर भरोसा रखते हैं। बिहार में अगले साल यानी 2025 में विधानसभा का पूर्णकालिक चुनाव होना है, जबकि पश्चिम बंगाल में 2026 और उत्तर प्रदेश में 2027 में चुनाव होंगे। इन उपचुनावों को महत्वपूर्ण इसलिए माना जा रहा है क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति कमजोर रही है। इन नतीजों को सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सीएम योगी, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर की प्रतिष्ठा दांव पर है।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने भाजपा को भारी नुकसान पहुंचाया है, और भाजपा को अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। ममता बनर्जी को भी कई मुद्दों पर जवाब देना होगा, जिसमें भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार के खिलाफ बने माहौल को लेकर भाजपा द्वारा उठाए गए सवाल शामिल हैं। इस प्रकार, उपचुनाव सभी राजनीतिक दलों के लिए अग्निपरीक्षा साबित होने वाले हैं, और नतीजे आगामी विधानसभा चुनावों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज भी इस समय एक नया सियासी ध्रुव बनकर उभरी है। उन्होंने बिहार में बदलाव का माहौल तैयार करने के लिए कई नए चेहरे मैदान में उतारे हैं, जिसमें सेना के रिटायर्ड जेनरल एसके सिंह का नाम भी शामिल है।

उत्तर प्रदेश में, भाजपा ने उम्मीदवार चयन में खुली छूट दी है और अंतर्कलह को खत्म करने की कोशिश कर रही है। अगर योगी आदित्यनाथ उपचुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, तो यह लोकसभा चुनाव में पार्टी की खस्ताहाली के कारणों को स्पष्ट कर सकता है।

## चार दिन ग्वालियर में रहेंगे मोहन भागवत

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चार दिवसीय बैठक ग्वालियर में होने जा रही है। इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। चारों दिन वह इस बैठक में शामिल रहेंगे। 31 अक्टूबर से शिवपुरी के लिंक रोड स्थित केदारपुर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में यह बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत सर कारवाह दत्तात्रय होसबोले सहित अखिल भारतीय टोली के सभी प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com